उज्जैन
रविवार
19
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-165
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



डायरेक्टर ने अकेले कमरे में बुलाया, गलत तरीके से छुआ डेजी शाह का कास्टिंग को लेकर खुलासा, बोलीं- कभी भी अकेले किसी से मिलना ठीक नहीं

पेज- 8

# मध्यप्रदेश के 3 जिलों में लू,6 में बारिश का अलर्ट, रतलाम में पारा रिकॉर्ड 44 डिग्री, ग्वालियर सबसे गर्म

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भीषण गर्मी के बीच मध्य प्रदेश में मौसम ने फिर 'यू-टर्न' लिया है। शनिवार को गर्म हवा और तेज गर्मी के साथ कई जिलों में बादल भी छाए रहे। रतलाम में पारा रिकॉर्ड 44 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, भोपाल में बादल छाए रहे। रविवार को 3 जिले- निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू का अलर्ट है। वहीं, 6 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है।

अप्रैल में दूसरी बार बारिश वाले मौसम की संभावना है। इससे पहले 1 से 9 अप्रैल के बीच पूरे प्रदेश में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि वाला मौसम रह चुका है। इसके बाद तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया। 10 दिन बाद क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल ने फिर से बारिश की चेतावनी जारी की है। गर्मी के इस सीजन में पहली बार प्रदेश में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार,



रतलाम में इतना तापमान रहा। उमरिया में 43.8 डिग्री, मंडला में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छतरपुर के खजुराहो में तापमान 42.9 डिग्री, गुना में 42.8 डिग्री, दतिया में 42.6 डिग्री, दमोह-नौगांव में 42.5 डिग्री, टीकमगढ़-सतना में पारा 42.2 डिग्री तक रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में सबसे ज्यादा 41.9 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 41.4 डिग्री, जबलपुर में 41.7 डिग्री, इंदौर में 40.4 डिग्री और उज्जैन में पारा 40.6 डिग्री रहा।

### फरवरी-मार्च में 4-4 बार बदला मौसम

इस साल जनवरी में बारिश नहीं हुई, लेकिन फरवरी और मार्च में 4-4 बार मौसम बदला। ठंड के मौसम में ही फरवरी में मौसम का मिजाज बदल गया। शुरुआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रहा। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश भीग गया है। 19, 20 और 21 फरवरी को भी असर रहा। फिर चौथी बार 23-24 फरवरी को भी ओले-बारिश का दौर रहा। मार्च में गर्मी के सीजन की शुरुआत हो गई। पहले पखवाड़े में तेज गर्मी वाला मौसम रहा। दूसरे पखवाड़े में बारिश शुरू हो गई। एक दौर लगातार 4 दिन तक रहा। इस दौरान 45 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश हुई। वहीं, 17 जिलों में ओले भी गिरे। इससे गेहूं, पपीता और केले की फसलें बर्बाद हुई है।

### अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में पड़ती है तेज गर्मी

मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह दिसंबर-जनवरी में सर्दी और जुलाई-अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश होती है, उसी तरह गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से तेज गर्मी पड़ती है।

### गर्मी से बचने के लिए एडवायजरी

गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने बचाव की एडवायजरी भी जारी की है। लोगों से कहा गया है कि वे दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहे। हल्के वजन और रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर ध्यान रखें।

## महाराष्ट्र सरकार की सख्ती कक्षा 1-10 तक स्कूलों में मराठी पढ़ाना अनिवार्य



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी शिक्षा बोर्डों के स्कूलों के लिए मराठी भाषा को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाने के नियम को और कड़ा कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नए शासनादेश के अनुसार, जो स्कूल कक्षा 1 से 10 तक मराठी नहीं पढ़ाएंगे, उन पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही, बार-बार नियमों की अनदेखी करने पर स्कूलों की मान्यता भी रद्द की जा सकती है। यह निर्देश स्पष्ट करता है कि महाराष्ट्र में संचालित होने वाले सभी बोर्ड, चाहे वह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), आईसीएसई, अंतरराष्ट्रीय बोर्ड (आईजी/आईजीसीएसई) हों या राज्य बोर्ड, सभी को कक्षा 1 से 10 तक मराठी पढ़ाना अनिवार्य है।

## नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच शुरू

**काठमांडू।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा। जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे। इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे।

## प्रियंका बोलीं- सीटें बढ़ाना सत्ता में बने रहने की साजिश थी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, लोकसभा में जो हुआ वो लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। सरकार परिसीमन और महिला आरक्षण के जरिए सत्ता में बने रहने की साजिश कर रही थी। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि लोकसभा में सीटें बढ़ाने के लिए लाया गया बिल गिर गया। सत्ता पक्ष हमें महिला विरोधी कहकर मसीहा नहीं बन सकता।' लोकसभा में सरकार संविधान का 131वां संशोधन बिल लाई थी। सरकार इसे पास नहीं करा पाई। यह 54 वोट से गिर गया। इसके जरिए संसद की 543 सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान था।

## टीएमसी का दावा-भाजपा समर्थकों ने महिला कार्यकर्ता से बदसलूकी की

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी नेआरोप लगाया कि भाजपा समर्थकों ने पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक महिला पार्टी वर्कर के साथ उसकी दो साल की बेटी के सामने बदतमीजी की। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव आयोग महिला कार्यकर्ता पर हुए इस हमले में शामिल लोगों के खिलाफ एक्शन लेगा। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन एफआईआर में नामजद सभी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं कूचबिहार में एक रैली के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी महिला आरक्षण बिल को आगे रखकर डिलिमिटेशन लागू करना चाहती है।


## केंद्र सरकार ने केंद्रीय महंगाई भत्ता 2% बढ़ाकर 60% किया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने डीए 58% से बढ़कर 60% किया है। इससे पहले अक्टूबर में महंगाई भत्ते को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था। पिछला रिविजन 1 जुलाई 2025 से प्रभावी माना गया था, जिसका भुगतान एरियर के साथ किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई कैबिनेट बैठक में इसका ऐलान किया गया। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्र सरकार साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बदलाव करती है। इस फैसले से कर्मचारियों की मंथली सैलरी और पेंशनर्स की पेंशन में इजाफा होता है।

महंगाई भत्ता सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है।



इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की वास्तविक आय की सुरक्षा करना है, ताकि उनकी सैलरी महंगाई के साथ तालमेल बिठा सके।

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कर्मचारी संगठन 8वें वेतन आयोग के तहत सैलरी स्ट्रक्चर में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी ने अपने ज्ञापन में 3.83 के हायर फिटमेंट फैक्टर की मांग की है। अगर यह मांग मानी जाती है, तो न्यूनतम बेसिक पे 18,000 से बढ़कर करीब 69,000 हो सकती है। संगठन ने सैलरी कैलकुलेशन के लिए परिवार की परिभाषा में आश्रित माता-पिता को शामिल करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने का सुझाव भी दिया है।

### मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में सनसनीखेज वारदात

# 15 मिनट में 15 करोड़ की डकैती

## हथियार लेकर बैंक में घुसे 5 बदमाश, मैनेजर को पीटा, फायरिंग भी की

ब्रह्मास्त्र ›› सिंगरौली

मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज बैंक डकैती ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। शुक्रवार दोपहर बैढ़न इलाके में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में पांच हथियारबंद नकाबपोश बदमाश घुस आए और महज 15-20 मिनट में करोड़ों रुपये की लूट कर फरार हो गए। बदमाशों ने न सिर्फ बैंक में मौजूद लोगों को बंधक बनाया, बल्कि विरोध करने पर बैंक मैनेजर को बेरहमी से पीटा और हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। यह वारदात किसी फिल्मी सीन जैसी थी, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यह वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 12:50 बजे की है, जब बैंक में सामान्य कामकाज चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले दो नकाबपोश बदमाश बैंक के अंदर दाखिल हुए और कुछ ही सेकंड में उनके तीन और साथी हथियार



लहराते हुए भीतर आ गए। अचानक हुई इस घटना से बैंक में मौजूद ग्राहक और कर्मचारी घबरा गए और कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाशों ने सभी को गन पॉइंट पर ले लिया।

### मैनेजर से मारपीट, हवाई फायरिंग से दहशत

जब बैंक मैनेजर ने बदमाशों का विरोध करने की कोशिश की, तो लुटेरों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बंदूक की बट से मैनेजर के सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और खून से लथपथ हो गए। बदमाश यहीं नहीं रुके, उन्होंने डर का माहौल बनाने के लिए बैंक के अंदर और बाहर हवाई फायरिंग भी की।

### 15 करोड़ के माल की लूट

लुटेरे बैंक को पूरी तरह अपने कब्जे में लेकर करीब 15 से 20 मिनट तक तांडव मचाते रहे। इस दौरान उन्होंने बैंक में रखा करीब 20 लाख रुपये नकद और 10 किलो सोने का आभूषण समेट लिया। पुलिस के अनुसार, इसमें बैंक में पहले से रखा लगभग 14 ।50 लाख रुपये और दिन का नया कैश कलेक्शन शामिल है।

# होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

## एक बैरल का दाम 99.39 से घटकर 86 डॉलर हुआ, अमेरिकी शेयर बाजार 2% चढ़ा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के ऐलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं।

एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99.39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे।

तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की




आशंका जताई जा रही थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तेल सस्ता होने से अब यह आशंकाएं भी खत्म हो गई हैं।

कच्चे तेल की कीमत गिरने से ग्लोबल मार्केट में भी बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। अमेरिका का डाउ जोन्स करीब 1,000 अंक की तेजी के साथ 49,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एस एंड पी 500 में 1.12% और नैस्डैक इंडेक्स में 1.04% की बढ़त देखने को मिल रही है।

**ईरान के विदेश मंत्री ने होर्मुज खोलने की जानकारी दी-** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी कि इजराइल और लेबनान के बीच युद्धविराम के मद्देनजर होर्मुज रूट को सभी व्यापारिक जहाजों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। मिडिल ईस्ट में तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

# 10वीं में 92% आने पर भी छात्रा ने दी जान

ब्रह्मास्त्र ›› कानपुर

यूपी के कानपुर में दसवीं कक्षा में 92 फीसदी अंक आने के बाद भी छात्रा ने खुदकुशी कर ली। छात्र की चाहत थी कि उसके 95% अंक आएं। छात्रा केंद्रीय विद्यालय अमार्पुर में पढ़ती थी। दो साल पहले छात्रा के पिता की मौत हो गई थी। कानपुर में लक्ष्य से तीन फीसदी कम नंबर आने पर एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। खुदकुशी से पहले छात्रा ने अपने कुछ साथियों को एक वॉयस रिकार्डिंग भी भेजी थी। दरअसल, 92 फीसदी अंक कम नहीं होते पर वैशाली सिंह को 95 फीसदी अंक की चाहत थी। चाहत अधूरी रह गई तो उसने गुरुवार शाम फंदे से लटककर जान दे दी। पनकी रतनपुर शिवालिक भवन निवासी छात्रा वैशाली सिंह बुधवार को सीबीएसई 10वीं कक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद से मायूस थी।

## इंदौर-मुम्बई सेंट्रल के मध्य सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए मुंबई सेंट्रल और इंदौर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 09085/09086 मुंबई सेंट्रलझइंदौर सुपरफास्ट स्पेशल दोनों दिशाओं में 12-12 फेरे चलेगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल झ इंदौर सुपरफास्ट स्पेशल, 20 अप्रैल से 29 मई, 2026 तक मुम्बई सेंट्रल से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को 23.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13.00 बजे इंदौर पहुंचेगी।इस ट्रेन का रतलाम मंडल के दाहोद (07.10/07.12), रतलाम (08.45/08.55), उज्जैन (10.50/10.55) पर आगमन प्रस्थान होगा। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09086 इंदौर झ मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल, 21 अप्रैल से 30 मई, 2026 तक तक इंदौर से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को इंदौर से 17.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 07.10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इस ट्रेन का रतलाम मंडल के उज्जैन (18.20/18.25), रतलाम (20.05/20.10) एवं दाहोद (21.55/21.57) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरिवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम तथा उज्जैन स्टेशनों पर रुकेगी। यह ट्रेन फर्स्ट एसी, सेकंड एसी एवं थर्ड एसी कोच के साथ चलेगी । ट्रेन संख्या 09085 एवं 09086 की बुकिंग दिनांक 19.04.2026 से सभी पी.आर.एस. काउंटरों एवं आई.आर.सी.टी.सी. वेबसाइट पर प्रारंभ होगी।

## इंदौर-लिंगपल्ली एक्सप्रेस अब चर्लपल्ली तक चलेगी

पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए, इंदौर रेलवे स्टेशन से संचालित होने वाली इंदौर लिंगपल्ली एक्सप्रेस एक्सप्रेस का विस्तार चर्लपल्ली तक किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 25 अप्रैल 2026 से इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 20916 इंदौर- चर्लपल्ली एक्सप्रेस इंदौर से 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले 14.15 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। इसी प्रकार, 26 अप्रैल 2026 से चर्लपल्ली से चलने वाली ट्रेन संख्या 20915 चर्लपल्ली-इंदौर एक्सप्रेस चर्लपल्ली से 20.45 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 00.15 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद स्टेशन पर भी ठहराव रहेगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### हाईटेक होगा उज्जैन का सिंहस्थ मेला क्षेत्रः

# भीड़ प्रबंधन से लेकर सुरक्षा व्यवस्था में एआई का होगा उपयोग, पुलिस महानिदेशक उपेन्द्र जैन ने दिए निर्देश



### टेंट सिटी और आग से सुरक्षा पर जोर

अप्रैल-मई में आयोजित होने वाले मेले को देखते हुए टेंट सिटी और अस्थायी ढांचों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जैन ने आग से बचाव के लिए मजबूत इंतजाम करने, फायर ब्रिगेड को अलर्ट रखने और नियमित मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए।

### आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान एम्बुलेंस, मेडिकल टीम और रेस्क्यू यूनिट की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी व्यवस्था पहले से तैयार रखी जाए। इस दौरान अऊक्र्रराकेश गुप्ता, मेला अधिकारी आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक (एडह) उपेन्द्र जैन ने शनिवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार मेले को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) तकनीक के जरिए हाईटेक बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और निगरानी और अधिक मजबूत हो सके।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़कों, पुलों और घाटों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, मजबूती और समयसीमा की समीक्षा की। जैन ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय में और मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं।

जैन ने मेला क्षेत्र में संवेदनशील और अति-संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। आधुनिक उउळश कैमरों के साथ अक तकनीक का उपयोग कर संदिग्ध गतिविधियों और व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, लापता लोगों की खोज, महिला सुरक्षा और अपराध रोकथाम के लिए विशेष रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया।

संभावित भारी भीड़ को देखते हुए विस्तृत ट्रैफिक प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें डायवर्जन रूट, पार्किंग व्यवस्था और आपातकालीन वाहनों के लिए अलग मार्ग शामिल होंगे। अधिकारियों ने प्रमुख मार्गों पर सुचारू यातायात बनाए रखने और श्रद्धालुओं को बेहतर मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए।

### महाकाल के दर्शन करने पहुंचे फिल्म निमार्ता विनोद

## कहा- टाइगर श्रॉफ-संजय दत्त की फिल्मों की शूटिंग एमपी में करेंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फिल्म निमार्ता विनोद भानुशाली अपनी प्रोडक्शन टीम और परिवार के साथ उज्जैन पहुंचे, जहां उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर आगामी प्रोजेक्ट्स की सफलता की कामना की। दर्शन के बाद उन्होंने मध्यप्रदेश के उज्जैन, इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में होने वाली नई फिल्मों की शूटिंग को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि टाइगर श्रॉफ के साथ एक एक्शन फिल्म बनाई जाएगी, जिसकी शूटिंग उज्जैन, इंदौर और भोपाल में प्रस्तावित है। फिलहाल टीम लोकेशन का निरीक्षण कर रही है। इसके अलावा ह्लप्रोडक्शन 4ह्व के तहत संजय दत्त के साथ हॉरर-कॉमेडी फिल्म बनाई जाएगी, जिसकी शूटिंग ग्वालियर में होगी। विनोद भानुशाली ने कहा कि महाकाल के दर्शन के बाद टीम ने नए प्रोजेक्ट्स के लिए आशीर्वाद लिया है और मध्यप्रदेश में शूटिंग को लेकर उत्साहित है। उन्होंने बताया कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान करीब 250 से 300 लोगों की टीम काम करती है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं।

## पंचकोशी यात्रियों की सेवा, फल और जल वितरण किया गया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री सत्य साई सेवा समिति उज्जैन के सेवादल सदस्यों द्वारा पवित्र पंचकोशी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा का पुनीत कार्य किया गया। समिति ने यात्रा मार्ग पर विशेष शिविर लगाकर यात्रियों को ताजे 4 क्विंटल केले फल और शीतल जल का वितरण किया।

वैशाख माह में निकली उज्जैन की प्रसिद्ध पंचकोशी यात्रा में हजारों श्रद्धालु 118 किमी की पैदल परिक्रमा करते हैं। समिति संयोजक शरद सिंह चौहान ने बताया कि मानव सेवा ही माधव सेवा है के सिद्धांत पर चलते हुए हर वर्ष समिति द्वारा पंचकोशी यात्रियों की सेवा की जाती है। इस वर्ष लगभग 40 महिला एवं पुरुष सेवादल सदस्य सुबह 8 बजे से सेवा में जुटे रहे।

यात्रा में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने समिति के इस कार्य की सराहना की। कई बुजुर्ग यात्रियों ने कहा कि भीषण गर्मी में फल और पानी मिलने से यात्रा में बड़ी राहत हुई। इस सेवा कार्य में समिति के संजय तिवारी, पंकज शर्मा, दिलीप गहलोत, रघुवंशी, पंकज गोयल, श्रीजी, जितेन्द्र ठाकुर, अनिल शर्मा, शैलेश जायसवाल, संतोष बड़ोदिया, मकवाना, श्रीमती रघुवंशी, श्रीमती रजनी, अंजलि ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# मंदिरों में केमिकल युक्त कुंम-कुंम श्रद्धालुओं को दे रहा दाग...!

### मंदिरों में केमिकल कुंम-कुंम उपयोग से श्रद्धालुओं को माथे पर दाग की परेशानी

### प्राकृतिक कुंम-कुंम को बढावा देने पर नहीं ध्यान, बाहरी श्रद्धालुओं को उंचे दाम में मिल रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धर्मनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी के दिनों में कुंम-कुंम से माथे पर दाग की निशानी मिल रही है। केमिकल युक्त कुंम-कुंम पसीने से क्रिया कर श्रद्धालुओं के माथे की चमडी और सिर पर दाग दे रहा है। चमडी से अव्वल तो केमिकल का कुंम-कुंम निकलता नहीं और निकलने की स्थिति में चमडी पर दाग बन रहा है। जो बाद में काले पन पर आ रहा है। इसके साफ होने में 5-7दिन लग रहे हैं।कई लोगों को तो डाक्टर के पास जाकर उपचार तक करवाना पड रहा है।

धार्मिक शहर में गर्मी के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में बराबर इजाफा देखा जा रहा है। शहर के मंदिरों में देश के अनेक भागों से आने वाले श्रद्धालु बराबर पहुंच रहे हैं। मंदिरों में श्रद्धालुओं के दर्शन के साथ ही प्रसाद एवं खासकर देवी मंदिरों में लगाने के लिए कुम-कुम रखा जाता है। इस कुंम-कुंम के रसायन युक्त होने से गर्मी के दिनों में श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। पसीने के साथ क्रिया कर कुम-कुम से श्रद्धालुओं को जलन एवं खुजली हो रही है। कई बार पानी से धोने पर भी कुंम-कुंम निकल नहीं रहा है। कुम-कुम के निकलने के बाद माथे की चमडी एवं महिलाओं को सिर की मांग की चमडी में काला पन बन रहा है। इसे लेकर जिला अस्पताल के मेडिकल आफीसर डा.जितेन्द्र शर्मा का कहना है कि स्कीन की संसेटीविटी के कारण ऐसा होना संभव है। उज्जैन ही नहीं अधिकांश धार्मिक शहरों में इसी तरह का कुंम-कुंम चलन में है।

रसायन युक्त कुंम-कुंम में पीपीडी एवं अमोनिया जैसे रसायनों का उपयोग निर्माण में किया जाता है। माथे की चमडी पर लगाने के दौरान ये सभी लोगों को ऐसा रिएक्शन नहीं देता है। जिनकी चमडी संसेटिव होती है उन्हीं को ऐसा होता है। डमेटोलाजिस्ट डा.नारायण अटोलिया बताते हैं कि जिनकी चमडी संवेदनशील होती है ऐसे लोगों को इससे एलर्जी होती है। ऐसे कई मरीज शहरी एवं बाहरी उनके पास आते हैं। ऐसे लोगों को इस तरह के कुंमकुम से बचना चाहिए। इसके लिए तेल या मास्चराईजर लगाने के उपरांत ही इसका उपयोग माथे एवं मांग में किया जाना चाहिए। डा. अटोलिया बताते हैं कि हर्बल कुंमकुंम इसका विकल्प है लेकिन वह महंगा होता है, उससे किसी प्रकार का डर नहीं रहता है । आईडियल रूप से इसका उपयोग इसीलिए नहीं किया जाता है। हर्बल कुंमकुंम का उपयोग होना चाहिए।

उज्जैन
रविवार
19
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।
प्रियं च नानृतं ब्रूयात्, एष धर्मः सनातनः॥
अर्थः सच बोलो, मधुर बोलो। अप्रिय सच मत बोलो। प्यारा लगने वाला झूठ भी मत बोलो, यही सनातन धर्म है।

## खबर एक नजर...

### 99.9 प्रतिशत प्रकरणों का हुआ समयबद्ध समाधान

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान से प्रदेश में नागरिकों की शिकायतों और आवेदनों का त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया गया है। यह अभियान सुशासन को सुदृढ़ करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तर पर टीमों का गठन कर घर-घर जाकर आवेदन संग्रह किए गए और शिविर लगाकर आवेदनों का त्वरित समाधान किया गया। साथ ही पोर्टल आधारित एंट्री और ट्रैकिंग की गयी। निराकरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीएम हेल्पलाइन पर विशेष डैशबोर्ड के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग भी की गई। अभियान की कुल अवधि 12 जनवरी से 31 मार्च के दौरान राज्य स्तर पर कुल 47.69 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 47.68 लाख प्रकरणों का समाधान करते हुए 99.9 प्रतिशत आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अभियान को चरणबद्ध रूप से प्रदेश में लागू किया गया। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक ग्राम एवं वार्ड स्तर पर आवेदन संग्रहण किया गया।

### बेटी के बालिग होने से 6 माह पहले हो गई थी शादी की तैयारी

इंदौर। हम जिस समाज से हैं उसे 2 साल पहले शादी करने की छूट है, हम कम उम्र में परंपरा के अनुसार शादी कर सकते हैं। जब अधिनियम की जानकारी दी तो परिवार 6 महीने छोटी बेटी का विवाह निरस्त करने को तैयार हो गया। इंदौर के अहिल्या पलटन में मंडप सज कर तैयार था। दुल्हन को हल्दी लग रही है और विवाह के गीत गाए जा रहे थे, तभी महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम शिकायत के आधार पर पहुंच गई और परिवार को यह विवाह निरस्त करने के लिए कहा। लड़की के पिता कहने लगे हमारी परंपरा के अनुसार समाज को छूट है कि हम 16 साल की उम्र में बेटी की शादी कर सकते हैं। जब इस तरह का कोई नियम शासन के किसी आदेश में होने की जानकारी उनसे चाही गई तो वे बगले झांकने लगे। महिला एवं बाल विकास विभाग शहरी परियोजना क्रमांक 6 की परियोजना अधिकारी चित्रा यादव, बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक, सदस्य संगीता सिंह चाइल्डलाइन के फूल सिंह कारपेंटर ने परिजनों को समझाया। श्रीपाठक ने बताया कि परीक्षण करने पर पता चला कि बेटी की उम्र 18 वर्ष होने में सिर्फ 6 महीने बाकी है। वर-वधू के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए कानून और सजा के प्रावधान के साथ ही उन्हें कम उम्र में बेटी की शादी करने से होने वाले नुकसान समझाएं। लंबे समय तक चली बहस के बाद दोनों परिवार यह विवाह निरस्त कर सिर्फ आने वाले मेहमानों को भोजन करने पर राजी हो गया।

# इंदौर मेट्रो पर लगे 'सियासी' ब्रेक

## 17 KM का रूट तैयार, सेफ्टी क्लियरेंस भी हाथ में; उद्घाटन की तारीख तय नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की जनता का अपनी मेट्रो ट्रेन में सफर करने का सपना अब सरकारी औपचारिकताओं और 'अतिथि' के इंतजार में उलझकर रह गया है। गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो ट्रेन चलाने की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (उटफ) से क्लियरेंस मिलने के 23 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रेन का पहिया आम जनता के लिए नहीं घूम सका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार निर्माण कार्य और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया तो समय पर पूरी कर ली गई थी, लेकिन उद्घाटन की तारीख तय न होने से शहरवासियों की उत्सुकता अब निराशा में बदल रही है।



मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बीते 26 मार्च को ही सुरक्षा आयुक्त से संचालन की अनुमति प्राप्त कर ली थी। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद थी कि पहले रामनवमी और फिर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर इंदौर को मेट्रो की सौगात मिल जाएगी, लेकिन यह दोनों ही बड़े अवसर बीत गए और स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा रहा।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, मेट्रो के संचालन की अंतिम मुहर अब मुख्यमंत्री कार्यालय (उटड) और प्रधानमंत्री कार्यालय (ढटड) के स्तर से लगनी है। राज्य शासन की ओर से पीएमओ को मेट्रो संचालन का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअली हरी झंडी दिखाने या फिर किसी केंद्रीय मंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर भेजने की अनुमति मांगी गई है।

हालांकि सूत्रों का कहना है कि इंदौर में मेट्रो का संचालन पांच राज्यों में चल रहे चुनाव के परिणाम आने के बाद ही हो पाएगा। चुनाव परिणाम के बाद ही इंदौर मेट्रो की तारीख की घोषणा की जाएगी।

### 4 मई के बाद ही शुरू होने की उम्मीद

सांसद शंकर लालवानी ने इस मामले में कहा कि मेट्रो का संचालन कब शुरू होगा, यह शासन को तय करना है। आवासन एंव शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा इसके शुभारंभ की योजना बनाई जा रही है। लालवानी ने कहा कि वे केंद्र और राज्य स्तर पर बातचीत कर जल्द से जल्द ट्रेन शुरू कराने का प्रयास करेंगे। सूत्रों की मानें तो इंदौर मेट्रो की तारिखों की घोषणा 4 मई के बाद की जाएगी।

### इंदौर मेट्रो फेज-2 के स्टेशन

सुपर कॉरिडोर स्टेशन 2, 1, भोरासला चौराहा, एमआर 10 रोड, आईएसबीटी, चंद्रगुप्त चौराहा, हीरा नगर, बापट चौराहा, मेघदूत गार्डन, विजय नगर चौराहा और मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन होटल)।

## चिप्स फैक्ट्री में बायलर ब्लास्ट, तेज धमाके से दहला इलाका, सुरक्षा इंतजामों की खुली पोल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर के कोदरिया क्षेत्र में स्थित एक आलू चिप्स कारखाने में हुए जोरदार बायलर ब्लास्ट ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोहे के टुकड़े दूर-दूर तक जाकर गिरे। गनीमत रही कि बड़ा जनहानि का मामला सामने नहीं आया, लेकिन इस घटना ने कारखानों में सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारों के अनुसार बायलर एक ऐसा उपकरण होता है जिसमें पानी को अत्यधिक तापमान (करीब 150 से 300 डिग्री सेल्सियस) तक गर्म कर भाप (स्टीम) बनाई जाती है। इस भाप का उपयोग आलू उबालने और चिप्स निर्माण की प्रक्रिया में किया जाता है। यदि बायलर में दबाव ज्यादा बढ़ जाए या सुरक्षा वाल्व सही तरीके से काम न करें, तो ब्लास्ट जैसी घटनाएं हो सकती हैं। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि दबाव नियंत्रण में कमी या तकनीकी लापरवाही इस हादसे की वजह बनी।



## प्रवेश से मना करने पर निजी स्कूलों पर होगी कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि को बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा केन्द्रों के परियोजना समन्वयकों को पत्र भी लिखा गया है, जिसमें कहा गया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था। संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि आवंटन के बाद अभिभावकों को 3 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों का प्रवेश आवंटित विद्यालय में कराने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान जिन बच्चों ने प्रवेश नहीं लिया, उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना भी दी गई थी। निर्धारित अवधि के दौरान अधिकांश बच्चों द्वारा प्रवेश प्राप्त कर लिया गया।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त कार्रवाई

## निर्माण इकाई, वेयरहाउस व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 17 नमूने लिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों की सघन जाँच की जा रही है। इसी सिलसिले में आज इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों में कई प्रकार की अनियमितताएं एवं कमियां पाये जाने पर कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा हुकुमचंद कॉलोनी स्थित फर्म हीना इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर श्री दिनेश जायसवाल परिसर में खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाए गए। परिसर में मैंगो, पेप्सी, पंजाबी लस्सी एवं ऑरेंज बेवरेज का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। जांच में यह भी पाया गया कि निर्माण में बोरिंग के पानी का उपयोग किया जा रहा था तथा निर्माण में प्रयुक्त पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अतिरिक्त परिसर में निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं पाई गई तथा लाइसेंस शर्तों के अनुसार अन्य कमियां भी पाई गईं।



इसी क्रम में न्यू ट्रेक इंफो मीडिया (ग्रिड्स), शांति पैराडाइस, निरंजनपुर देवास नाका, इंदौर का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर शिफ्ट इंचार्ज श्री कुलदीप गर्ग उपस्थित पाए गए। निरीक्षण में कई कमियां पाई गईं, जिनमें फूड हैंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट का अभाव, कर्मचारियों द्वारा कैप, एप्रन एवं ग्लव्स का उपयोग नहीं करना, उचित तापमान नियंत्रण प्रणाली का अभाव, परिसर में पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं होना तथा खाद्य पदार्थों एवं अखाद्य पदार्थों का उचित पृथक्करण नहीं होना शामिल है। साथ ही खाद्य पदार्थों को रखने वाले रैक के नीचे गंदगी पाई गई तथा वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों को अलग-अलग नहीं रखा जाना भी पाया गया।

## खबर एक नजर...

### 41 डिग्री के करीब तापमान, लू चलने का बड़ा खतरा

**उज्जैन।** अप्रैल माह अब मई जैसा तपता दिखाई दे रहा है। तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच चुका है, लू चलने का खतरा बढ़ गया है। हवा में गर्माहट महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों तापमान ओर बढ़ने की आशंका जताई है।

अप्रैल माह के 11 दिन शेष बचे है और गर्मी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। शनिवार को अधिकतम तामपान 41 डिग्री के करीब 40.8 दर्ज किया गया। इससे पहले शुक्रवार-शनिवार रात के तापमान में 4.8 डिग्री की गिरावट आई थी। दिन के तापमान में आई तेजी के साथ हवा की गर्म लपटे भी महसूस हो रही है। हीटवेव का खतरा बढ़ता जा रह है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में शहर का तापमान 44 के करीब तक पहुंचने की आशंका जताई है। वैसे प्रदेश के कुछ शहरों में दिन का तापमान 44 डिग्री और रात का 26 डिग्री पार कर चुका है। दोपहर 1 बजे बाद सड़कों पर अब आवागमन काफी कम दिखाई देने लगा है। बाजारों में भी भीड़ कम हो चुकी है। बढ़ते तापमान को देखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा भी उज्जैन में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। कक्षा नर्सरी से लेकर 8 वीं तक के स्कूल अब सुबह 7.30 बजे दोपहर 12.30 बजे तक लगेगें। महिला एवं बाल विकास अधिकारियों ने भी आंगनवाड़ी केन्द्रों के समय में परिवर्तन किया है। आंगनवाड़ी अब सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी।

### विश्व ब्राह्मण संघ के जयकारों से गूंजा घाट

उज्जैन। भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर विश्व ब्राह्मण संघ द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामघाट पर 1008 दीप प्रज्वलित किए गए। पंडित रितेश गुरु ने बताया कि दीपदान के दौरान पूरा घाट 'जय श्री महाकाल' और 'जय श्री परशुराम' के जयकारों से गूंज उठा। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पंडित देवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे। विश्व ब्राह्मण संघ के जिला अध्यक्ष पंडित रितेश त्रिवेदी के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में अजय जोशी, कुंडवाले अजय व्यास, मोहित त्रिवेदी, अमृतेश त्रिवेदी, ऋषभ त्रिवेदी, राजा त्रिवेदी, रवींद्र त्रिवेदी, आनंद लोटा गुरु और आत्माराम सहित अन्य सम्माननीय सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### 100 हिंदू जोड़े और 12 निकाह, मुख्यमंत्री मोहन यादव देंगे आशीर्वाद

# अक्षय तृतीया पर 112 जोड़ों का सामूहिक विवाह-निकाह, उज्जैन के कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में अक्षय तृतीया के अवसर पर रविवार को सामूहिक विवाह और निकाह का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शहर के कार्तिक मेला ग्राउंड में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

राज्य शासन की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को 49 हजार रुपए की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से दी जाएगी। यह राशि विवाह के बाद नए जीवन की शुरूआत में सहयोग के लिए प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इस आयोजन में कुल 112 जोड़े शामिल होंगे। इनमें 100 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से विवाह करेंगे, जबकि 12 जोड़े निकाह के जरिए जीवन की नई शुरूआत करेंगे। प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

आयोजन से पहले कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

इस बार आयोजन को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान से जोड़ते हुए ह्यजीरो वेस्ट इवेंटह्व के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसमें कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा सामाजिक सरोकार और फिजूलखर्ची को रोकने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। आगामी 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त पर समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। इस मांगलिक आयोजन में समाज के 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरूआत करेंगे। आयोजन समिति के संयोजक हिम्मत बागड़ी, अध्यक्ष विष्णुकुमार सांखला और समाज अध्यक्ष मोती भाटी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि विवाह उत्सव का शुभारंभ सुबह भव्य चल समारोह एवं गंगाजल कलश यात्रा के साथ होगा। यह यात्रा उदपुर्रा स्थित समाज की धर्मशाला से प्रारंभ होकर लालबाई-फूलबाई मार्ग से होते हुए भेरूनाला पहुंचेगी और पुनः उदपुर्रा धर्मशाला पर संपन्न होगी। यात्रा में समाज की महिलाएं कलश धारण कर मंगल गान करेंगी, वहीं बैंड-बाजों के साथ चल समारोह में समाज की एकजुटता देखने को मिलेगी। कलश यात्रा के पश्चात दोपहर 12 बज* से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार की रस्में शुरू होंगी। आयोजन समिति के अनुसार दोपहर 12 बजे मुख्य विवाह संस्कार संपन्न होगा। विवाह समारोह के दौरान ही भव्य समाज भोज का आयोजन रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। शाम 4 बजे नवदंपत्तियों का विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के वरिष्ठ जन और युवा पदाधिकारी सक्रियता से जुटे हैं। मंगल कछावा, मनोहर गेहलोत, पुखराज भाटी, नवीन मारोठिया, देवेंद्र बागड़ी, सत्यनारायण कछावा, पंकज जादम, कैलाश गेहलोत, मोहनलाल गेहलोत और प्रवीण गेहलोत सहित कई सदस्यों ने समाजजनों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सम्मिलित होने की अपील की है।

## महिला आरक्षण पर पीएम का संबोधन भ्रामक, देश से मांगें माफी: हर्ष जैन

### कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड का आरोप- राजीव गांधी ने 1989 में ही दिया था 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव, भाजपा की मंशा सिर्फ उत्तर भारत में सीटें बढ़ाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड उज्जैन के अध्यक्ष हर्ष जैन ने प्रधानमंत्री के देश के नाम संबोधन को झूठा और भ्रामक करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री को देश को बरगलाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। जैन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1989 में ही महिलाओं को पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा था। जैन ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने की वकालत की है और पार्टी आज भी महिला आरक्षण के पूर्ण पक्ष में है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस बिल के माध्यम से जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या बढ़ाना चाह रही थी। इससे उत्तर भारत में ज्यादा सीटें बढ़ जातीं, जो देश के अन्य राज्यों के साथ घोर अन्याय होता। हर्ष जैन ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को उत्तर भारत से ज्यादा सीटें मिलती हैं, इसलिए वे यहीं के जरिए अगले लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल करना चाहते हैं। जैन ने भाजपा की इस मंशा को अन्य राज्यों के साथ भेदभावपूर्ण और पूरी तरह गैर-संवैधानिक बताया है। जैन ने सवाल उठाया कि यदि भाजपा वास्तव में महिलाओं का इतना ही हित चाहती है, तो वह मौजूदा सीटों में ही महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं दे देती?

### कांग्रेस का वॉकआउट

## महिला आरक्षण बिल पर उज्जैन नगर निगम में नोकझोंक, समर्थन में धन्यवाद प्रस्ताव पारित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नगर निगम के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर तीखी बहस हुई। भाजपा ने बिल के समर्थन में धन्यवाद प्रस्ताव पारित कराया, जबकि कांग्रेस पार्षदों ने तीखी नोकझोंक के बाद वॉकआउट कर दिया। यह सत्र महिला आरक्षण को लेकर देशभर में चल रही राजनीतिक हलचल के बीच आयोजित किया गया था।

सत्र की शुरूआत संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होते ही पक्ष और विपक्ष के बीच बहस छिड़ गई।

चर्चा के दौरान कांग्रेस पार्षदों ने महिला आरक्षण की अवधारणा को पूर्व




प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की नीतियों से जोड़ा। इस पर भाजपा पार्षदों ने आपत्ति जताई, जिससे सदन का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

विवाद बढ़ने पर कांग्रेस पार्षदों ने विरोध स्वरूप सदन से वॉकआउट कर दिया। उनके बाहर जाते ही भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। इस हंगामे के बीच भाजपा ने बहुमत के आधार पर महिला आरक्षण बिल के समर्थन में धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया।

# उज्जैन में पारा @40 डिग्री, घोड़े-डॉग के लिए लगाए कूलर

### 14 घोड़े और 4 डॉग के लिए कूलर-पंखों का उपयोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में दिन का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। भीषण गर्मी से आम आदमी बेहाल है। जानवर भी इससे परेशान हो रहे हैं। पुलिस लाइन में घोड़े और डॉग को गर्मी से बचाने के लिए पंखे और कूलर लगाए गए हैं। साथ ही उन्हें एयर कंडीशनर गाड़ियों में भेजा जा रहा है। गर्मी को देखते हुए इनकी डाइट में भी बदलाव किया गया है।

उज्जैन में दो दिन पहले तक न्यूनतम पारा 23 डिग्री था, लेकिन शुक्रवार रात चार डिग्री कम होकर तापमान 19 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे रात में गर्मी ज्यादा परेशान नहीं कर रही है। हालांकि, दिन की गर्मी में लोगों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। तपती गर्मी में पुलिस लाइन के घोड़े और डॉग स्क्वाड की खास देखभाल की जा रही है।

14 घोड़े और 4 डॉग के लिए देवास रोड स्थित पुलिस लाइन में कूलर, पंखे और स्प्रिंकलर का



उपयोग किया जा रहा है। जिस जगह अश्व और डॉग रहते हैं, उसका खास ध्यान रखकर उनके सरफेस को ठंडा रखा जा रहा है। किसी भी घटना या महाकाल मंदिर व रेलवे स्टेशन की रोजाना होने वाली चेकिंग के लिए डॉग को सिर्फ एसी गाड़ियों में ही भेजा जा रहा है।

### खान-पान में भी किया बदलाव, डॉग को मीट देना बंद

पुलिस के अश्व और डॉग की देखभाल के लिए 12 सदस्यीय टीम तैनात की गई है, जो सफाई, खाना, दवाइयों से लेकर मेडिकल चेकअप तक का पूरा ध्यान रख रही है। पुलिस लाइन उज्जैन के आरआई रंजीत सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में इनकी डाइट से लेकर ठंडी हवा और पानी तक का पूरा इंतजाम किया गया है।

घोड़ों के लिए कूलर, ठंडे पानी के फव्वारे और पंखे लगाए गए हैं। उन्हें खाने में गुड़, छाछ, हरी घास और चापड़ा दिया जा रहा है। डॉग को मीट देना बंद कर दिया गया है। गर्मी में उन्हें सिर्फ दूध दिया जा रहा है और एसी गाड़ियों में सफर करवाया जा रहा है।

## खबर एक नजर...

### पथराव में 4 पुलिसकर्मी हुये थे घायल, 3 को भेजा जेल

उज्जैन। महिदपुररोड थाना क्षेत्र के नागदा तिराहे गोगापुर मार्ग पर शुक्रवार को 2 बाइक की टक्कर ने हिंसक रूप ले लिया था। थाना प्रभारी आर. एस. भाबोर एएसआई सुरेशचंद्र सोनगरा, प्रधान आरक्षक समरथलाल और आरक्षक मदन पग्गी के साथ विवाद को शांत कराने पहुंचे थे। इसी दौरान थाने से कुछ दूरी पर जमा हुई भीड़ ने पथराव कर दिया था। घटनाक्रम में थाना प्रभारी सहित तीनों पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। थाना प्रभारी को गंभीर चोंट लगी थी। एसआई प्रेम मालवीय ने बताया कि मामले में आरक्षक मदन पग्गी की शिकायत पर पथराव करने वालों के खिलाफ धारा 132, 121 (1), 115 (2), 221, 189 (1), 189 (2), 189 (3), 191 (1), 191 (2), 190 का अपराध दर्ज किया था। पथराव करने वाले ग्राम शिकारीखेड़ा के होना सामने आये थे। जिनकी तलाश कर शुक्रवार रात नारायण पिता बालू बंजारा 49 साल, तोफानसिंह पिता बालू राठौर 28 साल और गीताबाई पति बालू बंजारा 58 साल को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार दोपहर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल वारंट जारी होने पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पथराव में शामिल अन्यों की तलाश जारी है।

### एक घंटे में पुलिस ने बालक के परिजनों का लगाया पता

उज्जैन। नागदा थाना पुलिस को सर्कल भ्रमण के दौरान शनिवार को राजस्थानी चौराहा पर 4 साल का बालक अकेला घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने बालक से पूछताछ करने का प्रयास किया लेकिन वह कुछ नहीं बता पा रहा था। आसपास लोगों से जानकारी लेने पर उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बालक के परिजनों का पता लगाने के लिये सूचना संकलन तंत्र को अलर्ट करने के साथ कस्बे के व्हाट्सएप ग्रुप माध्यम से बालक की फोटो शेयर किया। करीब 1 घंटे बाद बालक के परिजनों की जानकारी सामने आ गई। उनसे संपर्क करने पर पता चला कि पियुष पिता पवन प्रजापत निवासी इंदिरानगर कालोनी रंगोली गार्डन के पास का रहने वाला है। खेलते समय अचानक लापता हो गया था, परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बालक के सुरक्षित होने की जानकारी देकर उन्हे थाने बुलाया और सुपुर्द किया। थाना प्रभारी का कहना था कि कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से बालक के परिजनों का पता लगाने में सफलता मिली है।

### सड़क दुर्घटना में डेढ़ साल के मासूम की मौत, केस दर्ज

उज्जैन। झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ हाईवे बमनई पुलिया के पास 16 अप्रैल की रात मंदसौर के सुवासरा स्थित किशोरपुरा में रहने वाले बाईक सवार बैरागी परिवार की बाइक को पीछे से आई हुंडई कार एमपी 13 सीई 3897 ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में बाइक पर सवार डेढ़ साल का मासूम रिहांश, उसके पिता गोपालदास बैरागी और मां गंभीर घायल हो गये थे। तीनों को उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जहां उपचार के दौरान मासूम रिहांश की मौत हो गई।

# हत्या के बाद अंतिम संस्कार में शामिल हुआ था आरोपी

## साले के साथ मिलकर साढू का रेता था गला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गला रेतकर की गई हत्या का शनिवार को महिदपुर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया गया। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 20 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। दोनों आरोपी मृतक के रिश्तेदार है, मुख्य आरोपी साढू है।

महिदपुर थाना क्षेत्र के सेमलिया रोड़ पीली खाई जंगल में शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश बरामद की गई थी। मृतक का गला रेता गया था। जिसकी पहचान बालाराम उर्फ बालेश्वर पिता शंकरलाल गुजराती 38 साल निवासी ग्राम सेमलिया के रूप में हुई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया और हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की, सायबर टीम की मदद से पता चला कि घटनास्थल पर बद्रीलाल पिता उदाजी

### शादी में हुये विवाद की रंजीश में हत्या

बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को बद्रीलाल की बेटी का विवाह हुआ था। जिसमें शामिल होने के लिये बालाराम परिवार के साथ पहुंचा था। बालाराम ने अधिक शराब पी ली थी, वह विवाद कर पत्नी और बच्चों को शादी से लेकर वापस आ गया था। विवाद के दौरान बद्रीलाल ने उसे रोकने का प्रयास किया था, लेकिन बालाराम ने उसके साथ काफी गाली-गलौच की थी। उसी रंजीश में बद्रीलाल ने अपने साले के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया।





निवासी ग्राम खामरिया थाना आलोट और गजानंद पिता नानूराम निवासी बिनपुरा महिदपुर की मौजूदगी थी। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किये तो सामने आया कि बद्रीलाल मृतक का साढू है और गजानंद उसका साला है। बालाराम की लाश मिलने पर बद्रीलाल अस्पताल पहुंचा था और उसके बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल हुआ था। पुलिस ने तत्काल की उसे हिरासत में लिया और उसके साले गजानंद को भी गिरफ्तार कर लिया। एसआई नरेन्द्रसिंह कनेश ने बताया कि दोनों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 20 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त चाकू, और खून लगे कपड़े बरामद करने के प्रयास जारी है।

एसआई कनेश के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि हत्या से पहले बद्रीलाल ग्राम सेमलिया आया था और बालाराम से मिला था, उसके बाद निकल गया था। कुछ देर बाद उसने कॉल कर बालाराम को निपानिया मार्ग पर बुलाया था, बालाराम के आने पर दोनों महिदपुर आये, जहां गजानंद मिल गया था। उसके बाद शराब लेकर सेमलिया रोड पीली खाई पहुंचे थे, जहां गजानंद और बालाराम ने शराब पी, उसी दौरान बद्रीलाल ने गला रेत दिया और चाकू से 3-4 वार किये थे।

### रातभर परिवार करता रहा तलाश

बालाराम की लाश मिलने पर घटनास्थल पहुंचे परिजनों ने बताया था कि शाम 5.30 बजे निपानिया की ओर जाने का बोलकर निकला था, उसे बाद वापस नहीं लौटा था। रातभर से उसकी तलाश कर रहे थे। सुबह पता चला कि सेमलिया रोड पर लाश मिली है तो देखने पहुंचे, मृतक बालाराम था।

**अग्रसेन जयंती महोत्सव में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

# आयशर से टकराया ट्रक, चपेट में आया बाइक सवार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





इंदौररोड पर शनिवार सुबह बाइक सवार को बचाने में हादसा हो गया। आयशर से टकराने के बाद ट्रक पलटी खा गया। चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। आयशर भी पलट गई थी, जिसका चालक घायल हुआ है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौररोड स्थित पंथपिपलाई के पास यथार्थ पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार को बचाने में ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़ी गैस रिफिलिंग आयशर से टकरा गया। घटनाक्रम में ट्रक और आयशर पलटी खा गये। जिसकी चपेट में बाइक सवार आ गया और उसकी मौत हो गई। आयशर चालक भी घायल हुआ है। घटनाक्रम की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक का नाम रमेश उर्फ गुड्डू पित ब्रजलाल श्रीवास्तव 53 साल निवासी पंथपिपलाई सामने आया। बताया जा रहा है कि मृतक मकान निर्माण की ठेकेदारी का काम करता था और पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवाकर साइड पर जाने के लिये निकल रहा था। घटनाक्रम में घायल आयशर चालक ओमप्रकाश पिता बाबूलाल पाटीदार 50 साल निवासी नागझिरी ने बताया कि वह खाली गाड़ी लेकर खड़ा था, उसी दौरान ट्रक पलटकर आयशर पर आ गया। पुलिस के अनुसार बाइक सवार रमेश श्रीवास्तव की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। ट्रक चालक मौके से भाग निकला था, जिसकी तलाश की जा रही है। घटनाक्रम में ट्रक और आयशर के पलटी खाने से मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया था। पुलिस ने आवागमन का बनाये रखने के लिये दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से खड़ा किया और यातायात शुरू कराया। ट्रक चालक के सामने आने पर पता चल पायेगा कि कहां से कहां जा रहा था।

### माता-पिता के साथ मिलकर पत्नी ने की मारपीट

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम धन्नाखेड़ी में रहने वाले कालूसिंह पिता भगवानसिंह परमार का कुछ दिनों पहले पत्नी अनिका से विवाद हो गया था। पत्नी ग्राम में ही मायके चली गई थी। शुक्रवार रात कालूसिंह अपने ससुराल के सामने से गुजर रहा था। उसी दौरान पत्नी अनिका ने पति को देख लिया उसने अपने पिता बजेसिंह और मां शांताबाई के साथ मिलकर पति को रोका और झगड़ा कर मारपीट करने की बात पर विवाद शुरू कर दिया। यहीं नहीं पत्नी ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर पति को लाठी-डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घायल होने पर कालूसिंह ने घट्टिया थाने पहुंचकर पति और सास-सुसर के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चोंट लगने पर मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू की है।

# युवती ने लगाया भाजपा पार्षद पुत्र पर गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भाजपा पार्षद एमआईसी सदस्य के पुत्र पर युवती ने गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा पार्षद ने एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये युवती पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है।

गोला मंडी में रहने वाले भाजपा पार्षद प्रकाश शर्मा के पुत्र सार्थक पर बुधवारिया क्षेत्र की रहने वाली युवती ने गंभीर आरोप लगाकर एसपी कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया। जहां से मामला महिला थाना पुलिस का स्थानांतरित किया गया है। भाजपा पार्षद ने भी अपने पुत्र के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए युवती पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। भाजपा पार्षद ने बताया कि युवती पहले शादी का दबाव बना रही थी, उसका पति से तलाक हो चुका है। उसने दबाव बनाकर कोरे कागज पर पुत्र के हस्ताक्षर करा लिये और कोर्ट मैरिज करने के लिये बुलाया। पुत्र कोर्ट पहुंचा तो युवती द्वारा रूपयों की मांग की गई और नहीं देने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। युवती कभी शादी करने की बात कह रही थी तो कभी उसका कहना था कि शिकायत दर्ज की जाये।

### शराब पीने से मना किया तो पिता का फोड़ा सिर

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम टिटोड़ी में रहने वाले बाबूलाल पिता बालचंद के साथ शुक्रवार-शनिवार रात पुत्र दिलीप ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया। रात में परिजन बाबूलाल को उपचार के लिये तराना अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आये। घायल बाबूलाल ने बताया कि पुत्र शराब पीने का आदी हो चुका है, आये दिन नशा कर घर लौटता है। रात में भी शराब पीकर आया था उसे शराब पीने से मना किया तो डंडे से मारपीट कर सिर फोड़ दिया। मामले में तराना पुलिस को पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

# सिहोर से गिरफ्त में आया फर्जी गोलीकांड में फरार आरोपी

### संरक्षण देने वाला भी हिरासत में, देशी कट्टा हुआ बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात हुये फर्जी गोलीकांड में फरार चल रहे षडयंत्रकारी आरोपी को शनिवार शाम सिहोर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे संरक्षण देने वाला युवक भी हिरासत में आया है। पुलिस को अब षडयंत्र के मुख्य आरोपी रौनक गुर्जर की तलाश है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाला अतिक माहुरकर 11 अप्रैल की रात थाने पहुंचा था और एक्टिवा से आये 2 नकाबपोश बदमाशों पर गोली मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, 2 दिन बाद मामला फर्जी होना सामने आया था। पुलिस ने मामले में गोली लगने से घायल हुए अतिक को गिरफ्तार कर षडयंत्र में शामिल राहुल चौहान को हिरासत में लिया था। वहीं षडयंत्र में अतिक के साथ शामिल बंटी मालवीय, रौनक गुर्जर को भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। 4 दिनों बाद बंटी मालवीय को सिहोर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे सिहोर में संरक्षण रौनक उर्फ गप्पी मालवीय ने दिया था। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि रौनक उर्फ गप्पी को भी धारा 212 का आरोपी बनाकर हिरासत में लिया गया है। मामले में रौनक गुर्जर की तलाश है, जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### गोली चलने पर बंटी हुआ था जख्मी

थाना प्रभारी कनोडिया के अनुसार फर्जी गोलीकांड में अतिक के साथ बंटी उसके साथ था। गोली चलने पर उसकी पीठ भी जख्मी हुई थी। बंटी की गिरफ्तारी के बाद इस बात का पता चला है। गोली चलाने में प्रयुक्त किया गया देशी कट्टा भी बंटी की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है।

## खबर एक नजर...

### 10वीं बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक हायर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई) में शनिवार को सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव, अध्यक्ष वरुण गुप्ता, सचिव अर्जुन कानड़ी एवं प्राचार्य दर्शनी पाटीदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी अतिथियों और शिक्षकों ने विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लघुवेतन कर्मचारी संघ की बैठक में वित्तीय समस्याओं का हुआ निराकरण



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा 18 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय में वित्त संबंधी मामलों को लेकर एक अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार और जिला सचिव मुकेश रायकवार के नेतृत्व में हुई इस बैठक में वित्तीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर जिला पदाधिकारियों द्वारा उनका निराकरण किया गया। जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव सुरेश रायकवार, जिला उपाध्यक्ष बेगम मालवीय, जिला उपाध्यक्ष भारती झांजोट, जिला सहायक सचिव सुनील खत्री, जिला वरिष्ठ सलाहकार चंद्रशेखर निम्बालकर, जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम माली, जिला मीडिया प्रभारी अमित सारवान और देवकन्या बाई आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

नेता प्रतिपक्ष ने लगाया पक्षपात का आरोप, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा से हस्तक्षेप की मांग

# उज्जैन उत्तर में गहराया जलसंकटः नलों से आ रहा गटर का पानी, टंकियां आधी खाली, वॉटर कैन खरीदने पर मजबूर नागरिक

### तीन दिन से सप्लाई ठप, पीएचई अधिकारियों को चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



गर्मी की शुरूआत के साथ ही शहर की पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। शहर में पर्याप्त प्रेशर से पानी मिलना बंद हो गया है। प्लांट पर बार-बार पंप बंद हो रहे हैं, जिसके लिए कभी पानी की कमी तो कभी बिजली फॉल्ट का बहाना बनाया जा रहा है। हालात यह हैं कि सप्लाई के समय पाइपलाइनों में पानी नहीं रहता। वहीं, टूटी-फूटी पाइपलाइनों और नलों के माध्यम से गटर का गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। लगभग सभी क्षेत्रों से गंदे पानी की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने पीएचई के अधिकारियों को चेताते हुए उज्जैन उत्तर में पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके स्वयं के वार्ड सहित अरविंद नगर, राजनगर, हीरा मिल की चाल, हीरा मिल रोड, आनंद नगर और कुष्ठ धाम बस्ती क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जल प्रदाय विभाग उज्जैन उत्तर क्षेत्र की पानी की टंकियां नहीं भरवा रहा है।

शहरी क्षेत्र की टंकियों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है और वे क्षमता से आधी ही भर पा रही हैं। 17 अप्रैल 2026 की स्थिति में शहर की प्रमुख टंकियों का हाल यह रहा कि देवास गेट टंकी क्रमांक एक 4 फीट और क्रमांक दो 11 फीट खाली रही। इसी तरह बुधवार टंकी क्रमांक एक 2 फीट, बुधवारिया टंकी क्रमांक दो 9 फीट, गुदरी टंकी 8 फीट और वृंदावनपुरा टंकी 3 फीट खाली थी। वहीं, भैरवगढ़ थाना क्षेत्र और सुदामा नगर की टंकियां ढाई-ढाई मीटर खाली रहीं, जबकि मिर्ची नाला टंकी डेढ़ मीटर और क्षीर सागर टंकी पौने दो मीटर खाली रही।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने सवाल उठाया कि उज्जैन उत्तर में ही पानी की समस्या क्यों है और इसका निराकरण आखिर कौन करेगा। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा से आग्रह किया है कि वे उज्जैन उत्तर के विधायक हैं, ऐसे में उनके इस पूरे क्षेत्र में टंकियां क्यों नहीं भर रही हैं, इस पर ध्यान दें।

रवि राय ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नगर निगम के बोर्ड में पिछले 20 वर्षों से लगातार सत्ता में काबिज होने के बावजूद शहर के लोगों को पर्याप्त प्रेशर के साथ स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है। अभी ग्रीष्म ऋतु का केवल प्रारंभ हुआ है और ऐसी स्थिति में नागरिकों को मात्र 15 से 20 मिनट ही पानी मिल रहा है, जिससे उनकी दैनिक नित्य क्रिया की पूर्ति असंभव हो गई है। आज नागरिकों की यह मजबूरी हो गई है कि उन्हें 20 से 30 रुपए तक का पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि नर्मदा का शुद्ध पानी देने में निगम एवं राज्य सरकार क्यों असमर्थ है। शुद्ध जल देना नगर निगम का कर्तव्य एवं नागरिकों का मूलभूत अधिकार है। ■

### जातिगत जनगणना में उपनाम नहीं, जाति के कॉलम में 'सेन' लिखें

**उज्जैन।** जातिगत जनगणना को लेकर भारतीय सेन समाज ने समाजजनों से एक महत्वपूर्ण अपील की है। संगठन ने निवेदन किया है कि जनगणना के दौरान जाति के कॉलम में किसी उपनाम या सरनेम के बजाय स्पष्ट रूप से अपनी जाति 'सेन समाज' ही दर्ज कराएं। भारतीय सेन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर परमार ने बताया कि संख्या बल अधिक होने के बावजूद राजनीति में समाज का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है। वर्तमान में समाज से न तो कोई विधायक है, न सांसद और न ही किसी उच्च पद पर कोई आसीन है। यदि जनगणना में समाज की एकजुटता और वास्तविक संख्या सामने आएगी, तो भविष्य में राजनीतिक मंचों पर उचित हिस्सेदारी और उच्च पदों की मांग प्रमुखता से रखी जा सकेगी। समाज की कुल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर परमार के साथ ही ओम लाहौरी, संतोष वर्मा, जगदीश देवड़ा, अर्जुन वर्मा, वीरेंद्र परमार, ने सभी समाजजनों से अनुरोध किया है कि वे जातिगत जनगणना में किसी अन्य नाम के बजाय केवल 'सेन समाज' ही लिखें।

# बोरवेल को लेकर सख्त एक्शन मोड पर आया प्रशासन

## -बडनगर में भागीरथ मामले के उपरांत सुप्रीम कोर्ट गाईड लाईन के अनुसार की जा रही व्यवस्था

### सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों , संस्थाओं के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक पखवाडे के दौरान उज्जैन जिले के बडनगर तहसील अंतर्गत झलारिया गांव में ट्यूबवेल में गिरने से राजस्थान के पाली जिला निवासी ढाई वर्षीय भागीरथ पिता प्रवीण उर्फ पंसाराम की मौत हो गई थी। इस मामले में संभाग के जिलों का प्रशासन एक्शन मोड में है। जिलों में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसमें मधुमक्खियों के हमले से हुए हादसे एवं बडनगर में ट्युबवेल में गिरे बच्चे का हादसा दोनों मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया गया था।संभाग के जिलों में इस पर ध्यान देते हुए सख्ती के साथ पालन की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है।

### मंदसौर : लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई-

मंदसौर जिला प्रशासन ने इस मामले पर गंभीरता दिखाई है। अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने बताया कि बोरवेल सुरक्षा संबंधी माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में निर्देश दिए हैं कि जिले में सभी बंद पड़े बोरवेलों को कंक्रीट या धातु के मजबूत ढक्कनों से सील किया जाए तथा उनका नियमित निरीक्षण किया जाए। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि खुले बोरवेल गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं, इसलिए इनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे खुले बोरवेल की तत्काल सूचना प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा इन सभी स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

इसके साथ ही मंदसौर जिले में स्थित सभी निजी एवं सार्वजनिक उपयोग के खुले कुएं, कुइयां, प्राचीन बावड़ियां तथा सड़कों व खेतों के रास्तों के किनारे स्थित बिना मुंडेर वाले कुओं को लोहे की मजबूत जाली से ढंकने के निर्देश दिए गए हैं। इनकी मुंडेर इतनी ऊंची बनाई जाए कि कोई जानवर, बच्चा या व्यक्ति उसमें गिर न सके।

सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुसार खुले बोरवेल को बंद करना अनिवार्य है, ताकि जानलेवा हादसे रोके जा सकें। इसके साथ ही बोरवेल खोदने के बाद, उसके केसिंग पाइप को जमीन से 0.30 मीटर ऊपर तक कांक्रीट के प्लेटफॉर्म से ढका जाना चाहिए। जो कि घटनास्थल पर नहीं देखा गया।

### कुओं/बावडियों की मुंढेर उंची की जाए-

नलकूप की खुदाई करने वाली सरकारी संस्था, अर्ध-सरकारी संस्था या ठेकेदार का पंजीयन जिला प्रशासन या संबंधित सक्षम अधिकारी के कार्यालय में होना चाहिए। जिस स्थान पर नलकूप की खुदाई की जा रही है, उस स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए। साइन बोर्ड में नलकूप खोदने या उसके पुनर्वास करने वाली एजेंसी का पूरा पता और नलकूप के मालिक या उसे काम में लाने वाली एजेंसी का विवरण दर्ज होगा। नलकूप की खुदाई के दौरान उसके आसपास कंटीले तारों की फेंसिंग या अन्य उपयुक्त व्यवस्था की जाना चाहिए। नलकूप के बनने के बाद उसके केसिंग पाइप के चारों तरफ सीमेंट/कॉन्क्रीट का प्लेटफार्म बनाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 0.30 मीटर होनी चाहिए। प्लेटफार्म जमीन में 0.30 मीटर गहराई तक बनाना होगा।

# भक्तामर पाठ एवं आरती के साथ गूंजे जयकारे, 'मेरे महावीर झूले पलना' में बालकों का हुआ सम्मान

### तपोभूमि प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का 38वां दीक्षा जयंती महोत्सवः उज्जैन में भक्तिभाव से आयोजन, सैकड़ों श्रद्धालु जयपुर रवाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी महाराज का 38वां दीक्षा जयंती समारोह उज्जैन में दो दिवसीय आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के मुख्य आयोजनों में भाग लेने के लिए शनिवार शाम को उज्जैन से सैकड़ों श्रद्धालु जयपुर के लिए रवाना हुए।

मीडिया प्रभारी एवं समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज की दीक्षा को 38 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर के गुरुभक्तों द्वारा विविध आयोजन किए जा रहे हैं। उज्जैन में शुक्रवार शाम को प्रज्ञा कला मंच की विशेष प्रस्तुति के साथ भक्तिभाव से भक्तामर पाठ किया गया। शनिवार प्रातः जैन मंदिर बोर्डिंग में आचार्य श्री की आरती और अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात नन्हे बच्चों के लिए 'मेरे महावीर झूले पलना' कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कार बांटे गए। कार्यक्रम के बाद अल्पाहार का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों समाजजन सम्मिलित हुए।

वर्तमान में आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज जयपुर में विराजमान हैं। दीक्षा जयंती के मुख्य समारोह में शामिल होने उज्जैन सहित देशभर से हजारों श्रद्धालु जयपुर पहुंच रहे हैं। रविवार प्रातः श्रीजी की पूजा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। दोपहर में भव्य दीक्षा जयंती महोत्सव में गुरुभक्त अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर आचार्य श्री का विशेष प्रवचन होगा, जिसमें वे देश, समाज, मध्य प्रदेश और उज्जैन के नाम विशेष संबोधन देंगे। इसके पश्चात गुरुभक्तों का महाप्रसाद और शाम की आरती होगी। कार्यक्रम में आयोजित 'मेरे महावीर झूले पलना' के तहत बच्चों को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। इसमें प्रथम पुरस्कार स्वरूप 5100 रुपये मास्टर आदिष जैन को दिए गए, जिसके प्रायोजक हितेश-मनीषा जैन एवं श्रीमती निर्मला जैन रहे।


**पश्चिमी रेलवे मुंबई सेंट्रल इंदौर के बीच सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन चलाएगी**

| ट्रेन संख्या | गंतव्य मूल स्टेशन | सेवा की तिथियां | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 09085 | मुंबई सेंट्रल -इंदौर | 20.04.2026 से 29.05.2026 तक | 23:20 बजे (सोमवार और शुक्रवार) | 13:00 बजे (अगले दिन) |
| 09085 | इंदौर-मुंबई सेंट्रल | 21.04.2026 से 30.05.2026 तक | शाम 5:00 बजे (मंगलवार और शनिवार) | 07:10 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम एंड उज्जैन स्टेशंस दोनों दिशाओं में | | | | |
| संरचनाः फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच। | | | | |

रेल के ठहरावों, समय-सीमाओं और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाएं।

उपरोक्त ट्रेनों के लिए बुकिंग 19.04.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।

# ट्रक में ले जाया जा रहा 6 क्विंटल 10 किलो अवैध डोडाचुरा जप्त, एक तस्कर गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नशे के सौदागरों के विरूद्व अभियान चलाया जाकर नशे के सौदागरों के विरूद्व सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये है। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस थाना जीरन द्वारा अभियान के दौरान नशे के सौदागरों के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही करते हुए टाटा ट्रक में परिवहन कर ले जाया जा रहा ०६ क्विंटल १० किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जप्त कर पंजाब के एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 17 अप्रैल को थाना जीरन पुलिस द्वारा महु नीमच रोड हर्कियाखाल पुलिस सहायता केन्द्र के सामने आम रोड पर नाकाबंदी कर वाहन चैकिंग करते टाटा ट्रक क्रमांक पीबी ४६ एम ८१११ को रोकने का ईशारा किया ट्रक चालक अपने ट्रक का धीमा कर पास जाते उक्त ट्रक चालक तेज गति से भगाने लगा जिसे स्टॉपर लगाकर पुलिस सहायता केन्द्र के सामने रोका ट्रक चालक से नाम पता पुछते अपना नाम मनजिन्दरसिह पिता गुरचरण सिह पण्डोरी निवासी तखतमाल थाना चबाड जिला तरण तारण पंजाब का बताया जिसके कब्जे वाली ट्रक की तलाशी लेते ट्रक के पीछे अजवाईन के पैकेट के नीचे छुपाया गया 31 सफेद प्लास्टिक के कटटो मे भरा 610 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया।

## एसपी ने थाना प्रभारियों के किए तबादले

मन्दसौर। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने बड़ा फेरबदल किया है। एसपी द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार जिले के कई निरीक्षक और उप निरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए उनके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। इस फेरबदल के तहत गरोठ थाना प्रभारी हरीश मालवीय को अब अफजलपुर थाने की कमान सौंपी गई है, जबकि सुवासरा थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी को मल्हारगढ़ थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में पुलिस लाइन मन्दसौर में पदस्थ राजेन्द्र सिंह बघेल को सुवासरा थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षकों की श्रेणी में भैसोदामण्डी चौकी प्रभारी बलबीर यादव को अब गरोठ थाने की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ धर्मेश यादव को उनके स्थान पर भैसोदामण्डी का नया चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए सभी अधिकारियों को अपने नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।



## परशुराम जयंती की रैली का जिला भाजपा द्वारा स्वागत

**रतलाम** । परशुराम जयंती के उपलक्ष्य मे श्री परशुराम युवा मंच के द्वारा निकाली गई वाहन रैली का जिला भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। रैली मे शामिल युवाओं ने जय परशुराम का उद्घोष कर अभिवादन किया। रैली मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। रैली का स्वागत के दौरान जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, जुबीन जैन, जिला कोशाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, सोना शर्मा, संदीप मौर्य, मयंक भाटी,अक्षय संघवी सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# निगम के विशेष सम्मेलन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव बहुमत से पारित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित निगम के विशेष सम्मेलन में च्नारी शक्ति वंदन अधिनियमज्ज प्रस्ताव व महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा प्रस्तावित निंदा प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया।

आयोजित निगम सम्मेलन की शुरूआत में सदस्यों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव विगत 2023 में पारित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करें। जनगणना 2027 के अनुसार जातिगत जनगणना होने के पश्चात ही जिसका जितना प्रतिशत उसे उतना महिला आरक्षण का निर्धारण तथा जनगणना के पश्चात ही परिसीमन की कार्यवाही की जाये को अस्वीकृत किया गया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में महिलाओं को लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में ३३ प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने से सम्बधित संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका। यह विषय देश की आधी आबादी, महिलाओं के प्रतिनिधित्व, अधिकारों एवं उनके सशक्तिकरण से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं इस विधेयक के पारित न होने से देश की अनेक महिलाओं की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को ठेस पंहुची है। मेरा मत है कि नारी शक्ति के पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व हेतु सभी राजनैतिक दलो को सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए लेकिन यह खेद है कि कांग्रेस दल द्वारा नारी शक्ति वंदन का अपमान किया गया है।

सम्मेलन में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव को चर्चा उपरांत अस्वीकृत करते हुए बहुमत के आधार पर च्च नारी शक्ति वंदन अधिनियमज्ज व महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा प्रस्तावित निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

## कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

पिपलिया मंडी। शासकीय हाई स्कूल सेमली का कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी एवं 1 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी में स्थान प्राप्त किया।

## स्वस्थ हृदय के लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी- डॉ. शुभम चेलावत

**मंदसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा मैत्री गार्डन योग केंद्र पर आयोजित हृदय रोग जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों ने वर्तमान जीवनशैली को दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण बताया। मुख्य वक्ता और प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम चेलावत ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल एक तरह का व्यायाम पर्याप्त नहीं है; हृदय को मजबूत रखने के लिए रोजाना 30 मिनट की कार्डियक एक्सरसाइज अनिवार्य है। उन्होंने आगाह किया कि खान-पान में पाम ऑयल का बढ़ता उपयोग और एक ही तेल को बार-बार गर्म करके इस्तेमाल करना जहर के समान है, जो सीधा हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाता है। कार्यशाला में डॉ. चेलावत ने मानसिक स्वास्थ्य और आधुनिक तकनीक के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि तनाव सभी बीमारियों की जड़ है और इससे बचने के लिए सोने व जागने के एक घंटे पहले तक मोबाइल से दूरी बनाना आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि सीने के अलावा जबड़े, पीठ या उल्टे हाथ में दर्द भी हृदय रोग के संकेत हो सकते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक के बर्तनों से होने वाले कैंसर के खतरों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन सहित संस्थान के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वस्थ जीवन जीने के संकल्प के साथ कार्यशाला का लाभ उठाया।

## गुर्जर एवं सिसौदिया हरीश गुप्ता के निधन पर शोक संवेदनाए व्यक्त की



**पिपलिया मंडी।** ब्रेनमास्टर समाचार पत्र के सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता बाटू के बड़े भाई हरीश गुप्ता ने निधन पर शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,कांग्रेसनेता परशुराम सिसोदिया ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता द्वय ने कहा कि प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ में सीमित संसाधनों के बीच लंबे समय तक पत्रकारिता को जिंदा रखा। आपके साथ मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर,गणेशराम,अनिल मूलासिया आदि मौजूद थे।

## बनी में जनभागीदारी से हटा अतिक्रमण, किसानों के लिए खुले पुराने रास्ते

**मन्दसौर।** मंदसौर जिले में ग्रामीण आवागमन को सुगम बनाने और किसानों को उनके खेतों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराने के लिए संचालित च्राहगीर अभियानज् के तहत ग्राम बनी में बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन और एसडीएम गरोठ के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से शासकीय एवं निजी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को साफ किया। 7 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के सातवें चरण में तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों की मौजूदगी में पारंपरिक रास्तों को चिन्हित कर उन्हें पुनः बहाल किया गया। इस कार्रवाई के बाद अब किसानों को अपने कृषि उपकरणों और उपज के साथ खेतों तक पहुंचने के लिए चौड़े और सुगम मार्ग मिल सकेंगे। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने उपस्थित रहकर प्रशासनिक दल का सहयोग किया।

# तकनीकी उलझनो में फंसा रतलाम का "कालिका माता लोक" शीघ्र बनना अधर में !

### बगीचे की लाइट प्रायः गुल रहने से गुंडा तत्व सक्रिय

### घूमने आने वालों में भय

### पुलिस की सक्रियता होना आवश्यक

ओम त्रिवेदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



मंत्री ,नेता ,कलेक्टर आदि अपने प्रथम आगमन पर रतलाम की ख्यात शक्तिपीठ कालिका माता मंदिर पर सबसे पहले आकर दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेते हैं ।बाद में यही महान लोग फिर पलट कर नहीं देखते कि कालिका माता मंदिर एवं बगीचों के हालात कितने बिगड़े हुए हैं वैसे गत करीब 40 वर्षों से इस धार्मिक स्थल को पूर्ण विकसित करने का ₹जुमला₹ सुनते- सुनते अनेक रतलाम वासी स्वर्ग सिधार गए। हाल ही में कुछ समय से कालिका माता लोक का निर्माण किए जाने का₹ लॉलीपॉप₹ दिखाया जा रहा है, जो विगत 3 वर्षों से अनेक तकनीकी उलझन में फंसा हुआ है। चूंकि यह सनातनियों का धार्मिक स्थल है इसलिए चार दशक की प्रतिक्षा के बाद भी विकास की राह देख रहा है।

बताया जाता है कि सुंदरीकरण कर लोक बनाने के कार्य में आर्थिकी, तकनीकी, विभागीय परेशानियां एवं जिम्मेदारों की आपसी खींचतान से मामला खटाई में पड़ा हुआ है। इधर गर्मियों के मौसम में शाम एवं रात्रि तक बगीचे में घूमने आने वालों की संख्या तेजी से बड़ी है लेकिन लंबे अरसे से बगीचे में लाइट गुल रहने के कारण प्राय अंधेरा छाया रहता है जिस कारण अ सामाजिक तत्व सक्रिय होकर छेड़छाड़ एवं गुंडागर्दी करने पर उतर आए हैं, जिससे परिवारजन के साथ आई महिलाएं,बच्चे व्यथित हैं ।मंदिर के सामने पुलिस चौकी दिखावे के लिए जरूर बनी हुई है, लेकिन वहां पुलिस जवान की बजाय भिखारीयो की मौजूदगी बनी रहती है।

बताया जाता है कि कुछ विशेष वर्ग के नाबालिग एवं गुंडा तत्व बगीचे में आने वालों को धमका कर बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं जिससे भय का वातावरण बना हुआ है ।सूत्रों ने बताया कि इन लोगों के पास चाकू एवं छोटे हथियार रखे रहते हैं ,जिससे यहां स्थिति कभी भी गंभीर रूप लेकर पुलिस के लिए चुनौती बन सकती है ।पुलिस सुप्तावस्था से बाहर आकर सक्रिय हो, यह आम लोगों की मांग है।

## परशुराम जन्मोत्सव पर दिवसीय कार्यक्रम

नीमच। सकल ब्राह्मण समाज नीमच द्वारा आयोजित दो दिवसी श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को टाउन हॉल में हुआ द्य गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी परशुराम जन्मोत्सव भव्यता और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की विविध श्रृंखला रखी गई है।

## बोलेरो से 8 क्विंटल 50 किलो मछली जब्त, तीन आरोपी पकड़ाए

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के सगस बावजी मंदिर के पास गोपालपुरा रोड़-झार्ड़ा पर पुलिस ने एक बोलेरो नं. एमपी 44 टीए 0476 से अवैध रूप से परिवहन कर ले लाई जा रही 8 क्विंटल 50 किलोग्राम मछली जब्त कर इस प्रकरण में तीन आरोपियों के खिलाफ 5 फिशरी एक्ट एवं धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही 17 अप्रैल की शाम करीब साढ़े चार बजे की। इस प्रकरण में आरोपी मांगीलाल पिता गफ्फूर खां उम्र 35 वर्ष, मकबुल ि पिता याकूब उम्र 39 वर्ष, राजू पिता अमरूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी चचोर जिला नीमच को पकड़ा है।

## नरवाई जलाने पर 16 किसानों पर लगा जुर्माना

मंदसौर। जिले के सीतामऊ क्षेत्र में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वाले किसानों पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग के निर्देशों और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइंस का पालन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने 16 किसानों से कुल 42 हजार 500 रुपए का अर्थदंड वसूला है।



# रोहित शेट्टी के घर फायरिंग का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

### शुभम लोणकर गैंग से जुड़ा है प्रदीप सोशल मीडिया के जरिए बना था अपराधी

यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने फिल्म मेकर रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर हुई फायरिंग मामले में 9वीं गिरफ्तारी की है। पुलिस ने आगरा से आरोपी प्रदीप कुमार उर्फ गांठ को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी कुख्यात शुभम लोणकर गैंग का सदस्य बताया जा रहा है। गुरुवार दोपहर आगरा-एटा रोड के पास से उसे दबोचा गया।

पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि वह फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए शुभम लोणकर गैंग के संपर्क में आया था। सोशल मीडिया पर ही उसे गैंग की गतिविधियों के लिए 'रेडिकलाइज' किया गया। प्रदीप ने कबूल किया कि उसने अपने साथियों सनी, दीपू और सोनू के साथ मिलकर इस अपराध को अंजाम दिया। उसका मकसद अंडरवर्ल्ड में अपना 'दबदबा' कायम करना था। अब तक 9 गिरफ्तार, मकोका के तहत केस दर्ज रोहित शेट्टी केस में यह 9वीं गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू, दीपक और विष्णु कुशवाहा समेत 8 लोगों को अलग-अलग राज्यों से पकड़ चुकी है। मुंबई पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट और महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट जैसी सख्त धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को अब ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाया जाएगा। 1 फरवरी को हुई थी फायरिंग पूरा मामला 1 फरवरी 2026 की रात का है। मुंबई के जुहू इलाके में स्थित 'शेट्टी टावर' पर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग की थी। पुलिस जांच में सामने आया कि यह हमला शुभम लोणकर गैंग ने करवाया था। हमलावरों का मकसद फिल्म इंडस्ट्री में डर फैलाना और वसूली करना था। इस घटना के बाद से ही मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच इस गैंग के गुर्गों की तलाश में जुटी हुई थी।

# डायरेक्टर ने अकेले कमरे में बुलाया, गलत तरीके से छुआ

### डेजी शाह का कास्टिंग को लेकर खुलासा, बोलीं- कभी भी अकेले किसी से मिलना ठीक नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने अपने करियर के शुरूआती दिनों के एक बुरे अनुभव को साझा किया है। डेजी ने बताया कि कैसे एक कास्टिंग मीटिंग के दौरान एक फिल्ममेकर ने उन्हें गलत तरीके से छुआ, जिसके बाद वे काफी अनकंफर्टेबल हो गई थीं।

एक्ट्रेस ने यह भी साफ किया कि इस घटना के बाद उन्होंने फैसला किया कि वे काम के सिलसिले में कभी भी किसी से अकेले नहीं मिलेंगी।

6-7 लड़कियां लाइन में लगी थीं 'फ्री प्रेस जर्नल' को दिए इंटरव्यू में डेजी शाह ने बताया कि यह वाकया मुंबई का है। साउथ के एक फिल्ममेकर मुंबई में कास्टिंग के लिए आए थे। डेजी ने बताया, वहां करीब 6 से 7 लड़कियां काम के सिलसिले में मिलने पहुंची थीं।

वह फिल्ममेकर हर लड़की से अकेले में मिल रहा था। जब मेरी बारी आई और मैं अंदर गई, तो मुझे मीटिंग खत्म होने से पहले ही अजीब महसूस होने लगा था।

गलत तरीके से पकड़ा हाथ एक्ट्रेस ने उस असहज पल को याद करते हुए कहा, उस फिल्ममेकर ने मुझे गलत तरीके से छुआ और मेरा हाथ पकड़ लिया। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। डेजी ने यह भी बताया कि उन्हें शुरू से ही किसी का छूना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, मैं मसाज भी नहीं कराती क्योंकि मुझे टच पसंद नहीं है, फिर चाहे वह कोई महिला ही क्यों न हो। ऐसे में किसी अनजान मर्द का मुझे छूना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। बिना जवाब दिए वहां से निकल गई उस स्थिति को डेजी ने फिल्ममेकर से कहा, मैं आपसे बाद में बात करती हूं, लेकिन उन्होंने कभी उससे संपर्क नहीं किया। डेजी ने कहा कि उन्होंने खुद को सुरक्षित रखने के लिए वहां से तुरंत निकलना ही बेहतर समझा। इस घटना ने उन्हें एक बड़ा सबक दिया कि इंडस्ट्री में काम के लिए कभी भी किसी से अकेले नहीं मिलना चाहिए।



सलमान खान की मदद पर दी सफाई इंटरव्यू के दौरान डेजी से उनके और सलमान खान के कनेक्शन पर भी सवाल पूछा गया। अक्सर कहा जाता है कि डेजी का करियर सलमान खान की वजह से ही चल रहा है। इस पर उन्होंने कहा, लोग हमेशा सोचते हैं कि किसी महिला की सफलता के पीछे किसी का हाथ होता है। अब मुझे इन बातों का बुरा नहीं लगता। लाइफ में मदद मिलना सामान्य बात है, लेकिन मेरी अपनी मेहनत भी मायने रखती है। अब मैं ऐसी बातों की आदी हो चुकी हूं।





**अल्लू अर्जुन की मेगा फिल्म राका में**

# शाहरुख खान की एंट्री को लेकर सस्पेंस और तेज फैंस के बीच बढ़ी उत्सुकता

फिल्मी दुनिया की बड़ी खबर ने फैंस के बीच उत्साह और उत्सुकता दोनों को चरम पर पहुंचा दिया है। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म राका को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा हो रही है और इसी बीच बॉलीवुड के किंग शाहरुख शान के इसमें शामिल होने की अटकलों ने माहौल और गर्म कर दिया है। हालांकि ताजा जानकारी के मुताबिक इन खबरों पर अभी आधिकारिक मुहर नहीं लगी है और सस्पेंस बरकरार है।

दरअसल, इस फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक अतली कुमार कर रहे हैं, जिन्होंने पहले शाहरुख खान के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान दी थी। इसी वजह से यह कयास लगाए जा रहे थे कि दोनों की यह सफल जोड़ी एक बार फिर साथ नजर आ सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्म राका में शाहरुख खान का एक छोटा लेकिन दमदार कैमियो हो सकता है, जो फिल्म की पैन-इंडिया अपील को और मजबूत करेगा।

इन अटकलों को उस समय और बल मिला जब यह चर्चा सामने आई कि फिल्म में दीपिका पादुकोण भी अहम भूमिका निभा रही हैं। जवान की सफल तिकड़ी यानी शाहरुख, दीपिका और एटली के फिर से एक साथ आने की संभावना ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। ट्विटर, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर इस संभावित कोलैबोरेशन को लेकर लगातार चर्चाएं चल रही हैं।

हालांकि, इन सभी अटकलों के बीच शाहरुख खान की टीम से जुड़े एक करीबी सूत्र ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा है कि फिलहाल ऐसा कोई भी आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है। सूत्र के अनुसार, शाहरुख खान ने अभी तक किसी भी कैमियो रोल के लिए हामी नहीं भरी है और न ही उन्होंने राका के लिए कोई अनुबंध साइन किया है। इस बयान के बाद साफ हो गया है कि फिलहाल ये खबरें केवल कयासों तक ही सीमित हैं। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान इस समय अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी सतर्क हैं। खासकर उनकी फिल्म इल्लें को लेकर वे पूरी तरह फोकस्ड हैं, जिसमें वे अपनी बेटी शाहरुख खान के साथ नजर आएंगे।

### मद्रास हाईकोर्ट से अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को तगड़ा झटका

# एक करोड़ रुपये हर्जाना मांगने वाली याचिका खारिज

मद्रास उच्च न्यायालय ने 16 अप्रैल 2026 को मशहूर फिल्म अभिनेत्री तमन्ना भाटिया द्वारा दायर उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने पावर सोप्स कंपनी से एक करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की थी। तमन्ना भाटिया ने कंपनी पर अनुबंध समाप्त होने के बावजूद उनकी तस्वीरों का अनधिकृत रूप से उपयोग करने का आरोप लगाया था। न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन और न्यायमूर्ति के. गोविंदराजन थिलकवाड़ी की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के उस पुराने फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें अभिनेत्री की इस मांग को पहले ही नामंजूर कर दिया गया था। अदालत के इस फैसले से विज्ञापन जगत और फिल्म हस्तियों के बीच अनुबंध उल्लंघन के दावों को लेकर एक बड़ी चर्चा छिड़ गई है।

मामले की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो यह विवाद काफी पुराना है। तमन्ना भाटिया ने मूल मुकदमे में कहा था कि उन्होंने 7 अक्टूबर 2008 को पावर सोप्स के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत कंपनी को एक वर्ष की अवधि के लिए अपने साबुन के रैपर पर उनकी तस्वीरों का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। यह अनुबंध 6 अक्टूबर 2009 को समाप्त हो गया था और इसके बाद इसे रिन्यू नहीं किया गया। अभिनेत्री का मुख्य तर्क यह था कि अनुबंध की समय सीमा खत्म होने के बाद भी कंपनी ने उनकी अनुमति के बिना उनके चेहरे और तस्वीरों का इस्तेमाल जारी रखा, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इसी आधार पर उन्होंने एक करोड़ रुपये के मुआवजे और कंपनी पर स्थाई रोक लगाने की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था।





वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना भाटिया ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में अपने 20 साल पूरे किए हैं। कानूनी मोर्चे पर मिले इस झटके के बीच उनकी आने वाली फिल्म 'वानः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' चर्चा में है। सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ उनकी यह लोक-थ्रिलर फिल्म अब 28 अगस्त को रिलीज होने वाली है। हालांकि इस कानूनी लड़ाई में अभिनेत्री को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है, लेकिन उनके करियर की सक्रियता और नए प्रोजेक्ट्स को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। मद्रास हाईकोर्ट का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि हर्जाने के दावों के लिए ठोस और पुख्ता सबूतों का होना अनिवार्य है।

वहीं दूसरी ओर, पावर सोप्स कंपनी ने इन आरोपों का खंडन करते हुए दलील दी थी कि तमन्ना भाटिया काल्पनिक नुकसान के लिए हर्जाना मांग रही हैं और उनके दावे में कोई दम नहीं है। एकल न्यायाधीश ने 2017 में ही इस मामले की सुनवाई करते हुए पाया था कि अभिनेत्री द्वारा पेश किए गए दस्तावेज और सबूत यह साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं कि बाजार में मौजूद उन रैपरों के लिए कंपनी ही सीधे तौर पर जिम्मेदार थी। अदालत ने माना था कि पेश की गई सामग्री वास्तविक दस्तावेजों की कसौटी पर खरी नहीं उतरती, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि कंपनी ने जानबूझकर अभिनेत्री की छवि का दुरुपयोग किया था। अब डिवीजन बेंच ने भी इसी आधार पर एकल न्यायाधीश के विवेक को सही ठहराते हुए तमन्ना की अपील को सिरे से खारिज कर दिया है।

# अगले हफ्ते धोनी आईपीएल में वापसी कर सकते हैं

## वानखेड़े या चेपॉक में खेल सकते हैं, अभी काफ इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले हफ्ते आईपीएल में वापसी कर सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने टीम सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है और वह आने वाले बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

धोनी को आईपीएल शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह टूर्नामेंट के शुरूआती तीन हफ्तों में नहीं खेल पाए।

अब उनकी वापसी को लेकर कयास तेज हो गए हैं। संभावना है कि धोनी 23 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वह 26 अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में खेलते नजर आ सकते हैं।

टीम मैनेजमेंट उनकी फिटनेस को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। सीएसके के सूत्रों ने कहा,'धोनी अभी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। हम उनकी फिटनेस के साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय दिया जा रहा है।'

प्रैक्टिस सेशन में की लंबी बल्लेबाजी, रेंज हिटिंग पर फोकस भले ही धोनी मैच नहीं खेल रहे हैं, लेकिन वे नेट प्रैक्टिस में लगातार पसीना बहा



रहे हैं। धोनी ने हाल ही में नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने अपनी 'रेंज हिटिंग'पर खास काम किया। नेट सेशन के दौरान धोनी पुराने अंदाज में लंबे छक्के लगाते दिखे, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वे अपनी लय हासिल कर चुके हैं।

**इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर हो सकता है इस्तेमाल-** धोनी की वापसी के बाद सीएसके उन्हें किस भूमिका में रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। वर्तमान में संजू सैमसन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और संभावना है कि वे ही इसे जारी रखेंगे। ऐसे में टीम धोनी को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है। इससे धोनी पर विकेटकीपिंग और दौड़ने का अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा और टीम उनकी पावर-हिटिंग का फायदा उठा सकेगी।

**चेन्नई ने 5 में से 2 मैच जीते हैं-** चेन्नई सुपर किंग्स ने अब तक 5 मैचों में से 2 में जीत दर्ज की है और वह अंक तालिका में फिलहाल 8वें स्थान पर है। धोनी की वापसी न केवल टीम के मध्यक्रम को मजबूती देगी, बल्कि उनकी रणनीतिक सूझबूझ से उरड को प्लेऑफ की दौड़ में वापस आने में मदद मिलेगी।

### फिंच बोले- ग्रीन की जगह साइफर्ट को मौका मिले

केकेआर कीमत की जगह प्रदर्शन देखे, आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं जीत सकी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन कर रही केकेआर की रणनीति पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि टीम खिलाड़ियों को कीमत के आधार पर न चुने और कैमरन ग्रीन की जगह टिम साइफर्ट को मौका देने पर विचार करे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के बाद फिंच ने कहा कि केकेआर की कई रणनीतियां समझ से परे थीं। टीम पांच मैच में एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई और एक अंक बारिश से मिला। फिंच ने ग्रीन को नंबर छह पर खिलाने के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह उनका सामान्य बल्लेबाजी क्रम नहीं है और इससे उनकी क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा। ग्रीन इस सीजन में अलग-अलग नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में 18, 2, 4, 32* और 0 बनाए। फिंच ने कहा कि उन्होंने अपने टी-20 करियर में बहुत कम बार नंबर छह पर बल्लेबाजी की है।

### भारत जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगा

## 23 तारीख से 3 टी-20 मैच खेले जाएंगे, हरारे में सभी मुकाबले होंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे दौरे पर जाएगी। इस दौरे पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। सभी मुकाबले हरारे में होंगे।

**23 जुलाई को पहला मैच-** बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज की तारीखों की पुष्टि की। 23 जुलाई को पहला टी-20 खेला जाएगा। 25 और 26 जुलाई को दूसरा और तीसरा मैच होगा।

**2024 में 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी-** भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था। उस समय कप्तानी शुभमन गिल ने संभाली थी। भारत ने पहला मैच गंवाने के बाद वापसी की और सीरीज 4-1 से अपने नाम की थी।

**जिम्बाब्वे बोर्ड का बयान-** जिम्बाब्वे क्रिकेट के निदेशक गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच हमेशा दर्शकों में उत्साह पैदा करते हैं। उनके अनुसार, यह सीरीज घरेलू मैदान पर खिलाड़ियों के लिए खुद को परखने का अच्छा अवसर होगी।

**जिम्बाब्वे भारत भी आएगी-** जिम्बाब्वे टीम जनवरी 2027 में भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। मुकाबले कोलकाता (3 जनवरी), हैदराबाद (6 जनवरी) और मुंबई (9 जनवरी) में होंगे।


लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154










RV
PLATINUM VALLEY
SHAPING NEW RATLAM
आपके सपनों के घर की उड़ान अब हकीकत के करीब
प्लैटिनम वैली से करें जिंदगी की नई शुरुआत
PLATINUM VALLEY
मिलों दूर नहीं....
शहर मे ही स्थित !
SITE : प्लैटिनम वैली, भक्तन की बावड़ी, बस स्टैंड के पीछे,
रतलाम (म.प्र.) 457001
7909701010 | 9179348069 | 9323850743 | 9329326382
www.platinumvalleyratlam.com platinumvalleyratlam@gmail.com


# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडु, सांडु, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोनॅको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी. एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**


श्रीमद्भगवद्गीता:
ज्ञान, कर्म और अवतार का रहस्य
ईश्वर का अवतार क्यों और कब?
जब-जब धर्म की हानि होती है...
अधर्म
धर्म
...और अधर्म बढ़ता है, तब-तब मैं स्वयं को प्रकट करता हूँ।
अवतार के तीन मुख्य उद्देश्य
सज्जनों का उद्धार
दुष्टों का विनाश
धर्म की पुनः स्थापना
दिव्य जन्म और कर्म
जो ईश्वर के अलौकिक जन्म और कर्म के रहस्य को जानता है, बह मुक्त हो जाता है।
ज्ञान: मुक्ति का मार्ग
ज्ञान यज्ञ सर्वश्रेष्ठ है
द्रव्य यज्ञ
ज्ञान यज्ञ
द्रव्य (भौतिक वस्तुओं) से किए जाने वाले यज्ञ से ज्ञान यज्ञ श्रेष्ठ है।
कर्म
ज्ञान रूपी अग्नि
जैसे अग्नि ईंधन को भस्म कर देती है, वैसे ही ज्ञान सभी कर्मों को भस्म कर देता है।
ज्ञान से परम शांति
श्रद्धावान व्यक्ति ज्ञान प्राप्त कर शीघ्र ही परम शांति को प्राप्त होता है।
NotebookLM


तीन गुण: सात्विक, राजसिक और तामसिक
सात्विक
राजसिक
तामसिक
सात्विक भोजन
आयु, बल और सुख बढ़ाने वाला; रसयुक्त, चिकना और मन को प्रिय लगने वाला।
राजसिक भोजन
अत्यधिक कड़वा, खड़ा, गर्म; दुःख, शोक और रोग देने वाला।
तामसिक भोजन
अधपका, स्वादहीन, दुर्गंधयुक्त, बासी और अपविव।
राजसिक कर्म
फल की इच्छा से, बदले में कुछ पाने की भावना से या दिखावे के लिए किया गया।
सात्विक कर्म
कर्तव्य समझकर, फल की इच्छा के बिना और पूरी श्रद्धा से किया गया।
तामसिक कर्म
बिना विधि-विधान, बिना श्रद्धा या मंत्र के, अज्ञानता से किया गया।
श्रद्धा का सार
पुरुष श्रद्धामय है। जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं भी वैसा ही होता है।
NotebookLM


।। प्रभु श्री राम वन गमन पथ ।।
1. अयोध्या: वनवास का आरंभ
पिता के वचन के लिए, श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण ने राजमहल का त्याग किया।
2. श्रृंगवेरपुर: केवट प्रसंग
निषादराज गुह और केवट से भेंट हुई, जिन्होने प्रभु के चरण धोकर उन्हें गंगा पार कराई।
3. चित्रकूट: भरत मिलाप
भरत जी ने श्री राम से अयोध्या लौटने का आग्रह किया और उनकी चरण पादुका लेकर वापस गए।
4. दंडकारण्य (पंचवटी): सीता हरण
शूर्पणखा प्रसंग के बाद, रावण ने स्वर्ण मृग का छल कर माता सीता का हरण किया और जटायु ने बलिदान दिया।
5. किष्किंधा: हनुमान व सुग्रीव से मिलन
श्री राम की हनुमान जी और सुग्रीव से भेंट हुई, बाली का वध हुआ और वानर सेना ने सीता की खोज आरंभ की।
6. रामेश्वरम: राम सेतु निर्माण
भगवान शिव की आराधना के बाद, नल-नील के मार्गदर्शन में वानर सेना ने लंका तक सेतु का निर्माण किया।
7. श्रीलंका: धर्म की विजय
भीषण युद्ध के बाद रावण का वध हुआ और विभीषण का राज्याभिषेक कर धर्म की स्थापना हुई।
सत्य, वचन और धर्म की मर्यादा का प्रतीक
जय श्री राम लिखें और शेयर करें
NotebookLM

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 19 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

सालस्यो गर्वितो निद्रः परहस्तेन लेखकः।
अल्पविद्यो विवादी च षडेते आत्मघातकाः।।

**भावार्थ** : आलसी, अभिमानी, बहुत अधिक सोना, अजनबियों के साथ लिखना, थोड़ा सीखना और बहस करना ये छह आत्महत्याएं हैं।

कुलं छलं धनं चैव रुपं यौवनमेव च।
विद्या राज्यं तपश्च एते चाष्टमदाः स्मृताः।।

**भावार्थ** : कुल, छल, धन, रुप, यौवन, विद्या, अधिकार, और तपस्या ये आठ मद हैं।

## अस्मिन समये सवेर्षु सुरक्षामानकेषु सावधानीपूर्वकं ध्यानं दत्तं भविष्यति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

रेलवेतः संशोधितस्य डिजाइनस्य अन्तिम-तकनीकी-अनुमोदनस्य प्राप्तेः अनन्तरं आगामिषु चतुः-पञ्च-दिनेषु सुधार-कार्यं आरभ्यत इति सूचना अस्ति रोचकं तत् अस्ति यत् मूलतः अस्य सेतुस्य निमार्णं यया एव कम्पनीयाः कृते आवश्यकमरम्मतस्य दायित्वं अपि न्यस्तम् अस्ति। अस्मिन् समये सवेर्षु सुरक्षामानकेषु सावधानीपूर्वकं ध्यानं दत्तं भविष्यति यत् भविष्ये एतादृशाः त्रुटयः पुनः न भवन्ति इति अधिकारिणः वदन्ति। परन्तु अस्मिन् सम्पूर्णे प्रकरणे अपि अनेके गम्भीराः प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः प्रश्नः अस्ति यत् एकस्मिन् विशाले परियोजनायां-यस्मिन् कोटिरूप्यकाणि व्ययितानि-एतादृशः स्पष्टदोषः कथं अप्रत्यक्षः अभवत्-, तस्य समये किमर्थं न चिह्नितः? स्थानीयनिवासिनः प्रतिपादयन्ति यत् सार्वजनिकधनेन वित्तपोषितपरियोजनासु प्रमादः।

## सम्पादकीयम्

### ट्रम्पस्य घोषणया शत्रुतायां विरामस्य

ट्रम्पस्य घोषणया शत्रुतायां विरामस्य आशा उत्पद्यते; किं संवादेन इराणसंकटस्य समाधानं भविष्यति? अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः पञ्चदिनानि यावत् इराणस्य ऊर्जास्थापनस्थानेषु आक्रमणं कर्तुं निवृत्तः भविष्यति इति घोषणया प्रचलति संघर्षे विरामस्य आशा प्रज्वलितः। यद्यपि इरान्-देशः कस्यापि संवादस्य दावान् अङ्गीकृतवान् तथापि वातार्लापः अद्यापि समाधानस्य एकमात्रः व्यवहार्यः मार्गः इति व्यापकतया गण्यते। वैश्विकविपण्ये तैलस्य मूल्यानि डुबन्ति, भारतेन सम्भाव्यसंकटस्य सज्जतायाः आवश्यकतायाः विषये बलं दत्तम् अस्ति। ट्रम्पः अमेरिकीराष्ट्रपतिः डोनाल्ड ट्रम्पः इराणस्य विद्युत्संस्थानेषु ऊजार्सुविधासु च पञ्चदिनपर्यन्तं आक्रमणं न करिष्यति इति घोषितवान्। यदि सः एतस्याः प्रतिबद्धतायाः पार्श्वे तिष्ठति तर्हि वर्तमानसङ्घर्षे अद्यापि सर्वाधिकं सकारात्मकं विकासं चिह्नितं भविष्यति, यत् २८ फरवरी दिनाङ्के आरब्धम्। एतत् आशायाः झलकं प्रददाति यत् शत्रुता-यत् ट्रम्पस्य होर्मुज्-जलसन्धिविषये ४८ घण्टानां अल्टीमेटमस्य अनन्तरं तीव्रगत्या वर्धमानं दृश्यते-अधुना संक्षिप्तं निश्चलतां अनुभवितुं शक्नोति। इराणस्य अस्वीकार ट्रम्पः दावान् कृतवान् यत् सः तेहरान-देशेन सह वर्तमानसंकटस्य विषये चर्चां कृतवान् अस्ति, एताः वार्ताः अत्यन्तं रचनात्मकाः आसन् इति। परन्तु इरान्-देशेन एतादृशस्य कस्यापि संवादस्य घटनायाः विषये अस्वीकारः प्रकाशितः अस्ति।

## ओडिशानगरे एकस्य वरिष्ठस्य आईएएस-अधिकारिणः

# विरुद्धं धोखाधड़ी-आपराधिक-धमकी-गम्भीर-आरोपाः उत्पन्नाः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भुवनेश्वर

ओडिशानगरे एकस्य वरिष्ठस्य आईएएस-अधिकारिणः विरुद्धं धोखाधड़ी-आपराधिक-धमकी-गम्भीर-आरोपाः उत्पन्नाः, येन प्रशासनिक-यन्त्राणां माध्यमेन आघात-तरङ्गाः प्रेषिताः। राज्यस्य गृहविभागे वर्तमानकाले अपरसचिवरूपेण नियुक्ता अधिकारी आराधनादासः भूमिसौदानां सुविधां कृत्वा भिन्नरूपेण समर्थस्य व्यक्तिस्य 95 लक्षरूप्यकाणां धोखाधड़ीं कृतवान्, तदनन्तरं पीडितः धनवापसीं माङ्गं कृतवान् तदा मृत्युधमकीं दत्तवान् इति आरोपः अस्ति। अस्मिन् विषये पुलिसैः अन्वेषणं सम्पन्नं कृत्वा अधुना राज्यसर्वकारात् कानूनीकार्याणि आरभ्य अनुमतिः प्राप्ता।

प्राप्तसूचनानुसारं एषः प्रकरणः कटकमण्डलस्य सीडीएक्षेत्रे भूव्यवहारसम्बद्धः अस्ति। शिकायतकर्ता कमलकुमारभवसिङ्घा-यः भिन्नरूपेण समर्थः अस्ति-इत्यनेन आरोपः कृतः यत् तस्य पत्नी बीनाभवसिङ्घ्या आराधनादासाय 2400 वर्गफीटपरिमितस्य आवासीयभूखण्डस्य विनिमयरूपेण कुलम् 95 लक्षरूप्यकाणि दत्तानि। इयं राशिः द्वयोः विशिष्टयोः मार्गयोः माध्यमेन स्थानान्तरिता आसीत्: प्रायः 85 लक्षं आरटीजीएस मार्गेण प्रत्यक्षतया अधिकारीणां बैंकखाते स्थानान्तरितम्, शेषं 10 लक्षं नकदरूपेण समर्पितं।

शिकायतयानुसारं सौदानां शतार्नाम् अन्तर्गतं-यत् नवम्बर २०२२ तमे वर्षे कृतम् आसीत्-अधिकारिणः भूमिस्य पट्टेदारी-अधिकारस्य स्थानान्तरणस्य आश्वासनं दत्तवान् आसीत् परन्तु सम्पूर्णं भुक्तिं प्राप्य अपि सा न भूमिं स्थानान्तरितवती, न च धनं प्रत्यागच्छत्। यदा पीडिता तया सह बहुवारं सम्पर्कं कर्तुं प्रयतते स्म तदा सः परिहारात्मकप्रतिक्रियाभिः सह मिलितवान् तदनन्तरं-कथितरूपेण–धमकीयाः अधीनः अभवत् शिकायतया अपि उक्तं यत् यदा कमलकुमारः स्वयमेव अधिकारीं मिलित्वा स्वस्य धनं प्रत्यागन्तुं आग्रहं कृतवान् तदा तस्मै शारीरिकहानिस्य धमकी सहितं भयंकरं परिणामं भविष्यति इति धमकी दत्ता। अस्य प्रकरणस्य सन्दर्भे अस्मिन् वर्षे फरवरी-मासस्य ५ दिनाङ्के कटक-नगरस्य सीडीए-चरण-द्वितीय-पुलिस-स्थानके, भारतीयन्याय-संहितायाः विभिन्न-खण्डाणाम् अन्तर्गतं, एकः प्रकरणः पञ्जीकृतः बैंक-अभिलेखानां दस्तावेजानां च आधारेण प्रारम्भिकपुलिस-अनुसन्धान-प्रतिवेदनेन पुष्टिः कृता यत् 95 लक्षं रुप्यकाणि सम्बन्धित-अधिकारिणः खाते स्थानान्तरितानि आसन्। अन्वेषणपदाधिकारिणा अपि तेषां प्रतिवेदने अवलोकितं यत् आराधना दासः अन्वेषणस्य सहकार्यं कर्तुं असफलः अभवत्, तस्याः कृते प्रदत्तानि सूचनानि अपि स्वीकुर्वितुं न अस्वीकृतवती।

## महाकौशालप्रदेशस्य

# विभिन्नजिल्हेभ्यः समीपस्थेभ्यः राज्येभ्यः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

एतेषु चचार्सु अग्रणीः सन्ति, यतः एतेषु प्रदेशेषु पूर्वं एतादृशप्रकृतयः भव्याः कार्यक्रमाः आयोजिताः सन्ति एतस्याः प्रत्याशितयात्रायाः कारणात् जबलपुरस्य आतिथ्यक्षेत्रे अपि च स्थानीयपरिवहनसञ्चालकानां मध्ये आशाः प्रज्वलिताः सन्ति। यदि एतत् आयोजनं साकारं भवति तर्हि महाकौशालप्रदेशस्य विभिन्नजिल्हेभ्यः, समीपस्थेभ्यः राज्येभ्यः अपि लक्षशः भक्ताः आगमिष्यन्ति इति अनुमानं भवति संगठनात्मकव्यवस्थासु सहायतार्थं स्थानीयस्वयंसेवकाः डिजिटलमञ्चद्वारा दलनिमार्णं आरब्धवन्तः एव। सामाजिकमाध्यमेषु एतासां प्रचलितानां चचार्नां मध्ये सुरक्षाव्यवस्थानां, भीडप्रबन्धनस्य च विषये सुझावाः चिन्ताश्च उत्थापिताः सन्ति, यतोहि 'बागेश्वर सरकार' इत्यनेन आयोजितेषु कार्यक्रमेषु बहुधा मतदानं प्रचण्डं भवति। प्रशासनिकस्तरस्य सम्प्रति अधिकारिणः केवलं एतासां चचार्नां निरीक्षणं कुर्वन्ति; तथापि गुप्तचरसंस्थाः स्थानीयपुलिसः च एतान् सामाजिकमाध्यमप्रवृत्तयः गम्भीरतापूर्वकं गृह्णन्ति। बागेश्वरधामतः यस्मिन् क्षणे संकेतः प्राप्यते तस्मिन् क्षणे नगरे भव्यः धार्मिकोत्सवः आरभ्यते इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। भक्तानाम् उत्साहः एतादृशः अस्ति यत् ते 'महाराजजी' इत्यस्य स्वागतार्थं डिजिटल-पोस्टर-आमन्त्रण-सन्देश-युक्तानि रील-निमार्णं आरब्धवन्तः, तान् इन्स्टाग्राम-फेस्बुक-मध्ये व्यापकरूपेण साझां कुर्वन्ति आगामिषु दिनेषु कदा एषा सामाजिकमाध्यमक्रियाकलापः मूर्तरूपेण, स्थलगतरूपेण च परिणमति-तथा च यदा पुनः एकवारं जबलपुरं 'जयश्रीराम', 'बागेश्वर सरकार की जय' इति नारैः प्रतिध्वनितुं शक्नोति इति अवलोकनं आकर्षकं भविष्यति।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपका खुशमिजाज स्वभाव लोगों को आकर्षित करेगा।

**वृषभ** : आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली रहेगा, लेकिन कार्यस्थल पर व्यवहार में सावधानी रखें।

**मिथुन** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। काम का दबाव थकान दे सकता है, लेकिन व्यापार या आय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

**कर्क** : कर्क राशि वालों के लिए दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। सेहत अच्छी रहेगी और योग-ध्यान से लाभ मिलेगा।

**सिंह** : सिंह राशि वालों के लिए दिन आराम और संतुलन का रहेगा। अपनों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**कन्या** : आज का दिन थोड़ा सावधानी का संकेत दे रहा है। व्यवहार में नरमी रखें, नहीं तो रिश्तों में तनाव आ सकता है।

**तुला** : तुला राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। निवेश से फायदा हो सकता है और व्यापार में उन्नति के योग हैं।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। सेहत बेहतर रहेगी और रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है।

**धनु** : धनु राशि वालों के लिए दिन प्रगति लेकर आएगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है।

**मकर** : मकर राशि वालों के लिए दिन मेहनत का फल देने वाला रहेगा। नौकरी और व्यापार दोनों में लाभ के संकेत हैं।

**कुंभ** : घर-परिवार में थोड़ी खींचतान हो सकती है। मां की सेहत को लेकर चिंता रह सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं।


**मीन** : मीन राशि वालों के लिए दिन थोड़ा सावधानी भरा रहेगा। ऑफिस में सतर्क रहें और किसी भी तरह की राजनीति से बचें।

## ज्योतिष/वास्तु

# 11 मई से इन 4 राशियों पर बढ़ेगा दबाव, सूर्य-गुरु का साथ भी नहीं देगा लाभ

11 मई 2026 को ग्रहों की स्थिति में एक विशेष परिवर्तन होगा। इस दिन सूर्य और बृहस्पति के बीच बनने वाला विशेष संबंध लाभ दृष्टि योग का निर्माण करेगा। यद्यपि इस योग को सामान्यतः शुभ माना जाता है, फिर भी इसका प्रभाव सभी राशियों पर एक समान नहीं होता।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, 11 मई 2026 को ग्रहों की स्थिति में एक विशेष परिवर्तन होगा। इस दिन सूर्य और बृहस्पति के बीच बनने वाला विशेष संबंध लाभ दृष्टि योग का निर्माण करेगा। यद्यपि इस योग को सामान्यतः शुभ माना जाता है, फिर भी इसका प्रभाव सभी राशियों पर एक समान नहीं होता। यह कुछ राशियों के लिए अच्छे अवसर लेकर आ सकता है, जबकि कुछ राशियों को थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता हो सकती है।



11 मई को सूर्य और गुरु के बीच बनने वाला यह 60 डिग्री का कोण लाभ दृष्टि योग कहलाता है। सूर्य को आत्मविश्वास और सत्ता का प्रतीक माना जाता है, जबकि गुरु ज्ञान और विस्तार के कारक हैं। ऐसे में इनका मेल कई राशियों के लिए अवसर लेकर आएगा, लेकिन कुछ राशियों को सतर्क रहने की जरूरत है।

**वृषभ राशि-** इस अवधि में वृषभ राशि वालों को मिले-जुले परिणाम मिलने की संभावना है। स्वभाव में क्रोध और अहंकार में थोड़ी वृद्धि हो सकती है, जिसके कारण कार्यस्थल पर वरिष्ठों से असंतोष का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में जोखिम उठाने से बचना ही बेहतर है। कोई भी निवेश करने से पहले जानकार लोगों से सलाह लेना अच्छा रहेगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को इस दौरान मानसिक तनाव और थकान में वृद्धि का अनुभव होने की संभावना है। काम के अत्यधिक दबाव के कारण, स्वास्थ्य पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। घरेलू मामलों में, विशेष रूप से पिता के साथ, मतभेद हो सकते हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में बाधाएं आ सकती हैं, इसलिए धैर्य और विवेक से काम लेना चाहिए।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों को इस दौरान अधिक मेहनत और भाग-दौड़ का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिल सकते हैं। इससे निराशा होने की संभावना है। चूंकि समाज में आपके बारे में गलतफहमियां पैदा होने की आशंका है, इसलिए अपनी वाणी और व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक विवादों से दूर रहना ही बेहतर है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com